# समसामयिक घटनाक्रम

## राष्ट्रीय

### दिल्ली डायलॉग के 10वें संस्करण का आयोजन

- नई दिल्ली में 19-20 जुलाई, 2018 को दिल्ली डायलॉग के दसवें संस्करण का आयोजन किया गया। इस संवाद का मुख्य विषय 'भारत-आसियान समुद्री सहयोग को सुदृढ़ बनाना' था।
- इसका आयोजन भारत के विदेश मन्त्रालय द्वारा विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली (आरआईएस) के साथ साझेदारी में किया गया। इस संवाद में भारत और आसियान के सदस्य देशों के राजनीतिक नेतृत्व, नीति-निर्माताओं, वरिष्ठ अधिकारियों, राजनयिकों, व्यापार नेताओं, थिंक टैंकों और शिक्षाविदों ने भाग लिया।
- दिल्ली डायलॉग भारत और आसियान के बीच राजनीतिक-सुरक्षा, आर्थिक और सामाजिक-सांस्कृतिक भागीदारी पर चर्चा करने के लिए प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है। यह वर्ष 2009 से वार्षिक रूप से आयोजित किया जा रहा है।

### ब्रिक्स देशों में क्षेत्रीय विमानन साझेदारी पर समझौते को मंजूरी

- केन्द्र सरकार द्वारा 18 जुलाई, 2018 को ब्रिक्स देशों में क्षेत्रीय विमानन साझेदारी पर समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर को स्वीकृति दी गई। इससे ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका) को नागर विमानन के क्षेत्र में सहयोग के लिए संस्थागत ढाँचे की स्थापना से लाभ होगा।
- इस समझौता ज्ञापन के तहत क्षेत्रीय सेवाओं में सार्वजनिक नीतियाँ तथा श्रेष्ठ व्यवहार, क्षेत्रीय हवाई अड्डे, हवाई अड्डा संरचना प्रबन्धन तथा एयर नेवीगेशन सेवाएँ, नियामक एजेन्सियों के बीच तकनीकी सहयोग, नवाचार आदि सहयोग क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं।



### भारत बना ईबीआरडी का 69वाँ शेयरधारक

- भारत 11 जुलाई, 2018 को औपचारिक रूप से यूरोपियन बैंक फॉर रीकंस्ट्रक्शन एण्ड डेवलपमेण्ट (ईबीआरडी) का 69वाँ शेयरधारक बन गया।
- ईबीआरडी में शेयरधारिता प्राप्त करने से बैंक के संचालन क्षेत्र में भारतीय कम्पनियों के साथ और अधिक संयुक्त निवेश का मार्ग प्रशस्त हो गया है।
- भारत सरकार द्वारा ईबीआरडी की सदस्यता के लिए दिसम्बर, 2017 में आवेदन किया गया था।
- वर्ष 1991 में स्थापित ईबीआरडी एक अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान है, जिसकी स्थापना भूतपूर्व ईस्टर्न ब्लॉक के देशों को अपने निजी क्षेत्रों की स्थापना की प्रक्रिया में सहायता के लिए की गई थी। इनका मुख्यालय लन्दन (यूके) में स्थित है।

### भारत के 37वें विश्व धरोहर स्थल की घोषणा

मनामा (बहरीन) में आयोजित युनेस्को की विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 42वें सत्र के दौरान 30 जून, 2018 को भारत के मुम्बई के विक्टोरियन गोथिक एवं आर्ट डेको एंसेम्बल्स को युनेस्को की विश्व धरोहर सम्पदा की सूची में अंकित किया गया।

इससे मुम्बई शहर अहमदाबाद के बाद भारत में ऐसा दूसरा शहर बन गया है, जो युनेस्को की विश्व धरोहर सम्पदा सूची में शामिल है।

यह एंसेम्बल दो वास्तुशिल्पीय शैलियों, 19वीं सदी की विक्टोरियन संरचनाओं के संग्रह एवं समुद्र तट के साथ 20वीं सदी के आर्ट डेको भवनों से निर्मित है। यह एंसेम्बल मुख्य रूप से 19वीं सदी के विक्टोरियन गोथिक पुनर्जागरण के भवनों एवं 20वीं सदी के आरम्भ की आर्ट डेको शैली के वास्तुशिल्प से निर्मित है, जिसके मध्य में ओवल मैदान है।

### खोए बच्चों का पता लगाने के लिए 'रीयुनाइट' ऐप्प की शुरुआत

केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा नागरिक उड्डयन मन्त्री सुरेश प्रभु द्वारा 29 जून, 2018 को रीयुनाइट (Re Unite) नामक मोबाइल ऐप्प लॉन्च किया गया। यह भारत में खोए बच्चों का पता लगाने में सहायता प्रदान करेगा।

स्वयंसेवी संगठन 'बचपन बचाओ आन्दोलन' और 'कैपजेमिनी' द्वारा विकसित यह अपनी तरह का पहला मोबाइल ऐप्प है। यह ऐप्प एण्ड्रॉएड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्मों पर उपलब्ध है।

इस ऐप्प के माध्यम से माता-पिता बच्चों की तस्वीरें, बच्चों के विवरण जैसे नाम, पता, जन्म चिह्न आदि अपलोड कर सकते हैं, पुलिस स्टेशन को रिपोर्ट कर सकते हैं तथा खोए बच्चों की पहचान कर सकते हैं।

### 'यूजीसी' का स्थान लेगा 'भारतीय उच्च शिक्षा आयोग'

केन्द्र सरकार द्वारा 27 जून, 2018 को यूजीसी अधिनियम को समाप्त कर 'भारतीय उच्च शिक्षा आयोग' के गठन के लिए प्रस्तावित अधिनियम का प्रारूप जारी किया गया।

मानव संसाधन विकास मन्त्रालय द्वारा तैयार किए गए भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग निरसन अधिनियम) विधेयक 2018 का उद्देश्य यूजीसी अधिनियम को निरस्त कर भारतीय उच्च शिक्षा आयोग की स्थापना करना है।

केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मन्त्री प्रकाश जावडेकर द्वारा सभी शिक्षाविदों, हितधारकों और सामान्य जनों से इस अधिनियम के प्रारूप पर टिप्पणियाँ और सुझाव देने का आह्वान किया गया है।

### प्रधानमन्त्री मोदी ने रखी वाणिज्य भवन की आधारशिला

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 जून, 2018 को नई दिल्ली में केन्द्रीय सरकार के वाणिज्य विभाग के नए कार्यालय भवन 'वाणिज्य भवन' का शिलान्यास किया गया।

वाणिज्य भवन के निर्माण पर ₹ 226 करोड़ की लागत आने की सम्भावना है तथा इसका निर्माण दिसम्बर, 2019 तक पूरा होने का अनुमान है। वाणिज्य विभाग के सभी कार्यालयों को एक छत के नीचे लाकर वाणिज्य भवन व्यापार करने को और सरल बनाने में सहायता करेगा तथा यह एक आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल भवन होगा।

इस भवन में लगभग एक हजार अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था होगी और यह पर्यारण अनुकूल भवन होगा। साथ ही यह डिजिटल प्रणाली और वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग जैसी सुविधाओं से भी लैस होगा।

### एनएचएम की 11वीं सामान्य समीक्षा मिशन रिपोर्ट जारी

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मन्त्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा 18 जून, 2018 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की 11वीं सामान्य समीक्षा मिशन रिपोर्ट जारी की गई।

इस रिपोर्ट के अनुसार, देश में वर्ष 2013 से मातृ मृत्युदर (एमएमआर) में रिकॉर्ड 22% की कमी दर्ज की गई है। देश में मातृ मृत्युदर वर्ष 2011-13 में 167 थी, जो वर्ष 2013-16 में घटकर 130 हो गई।

यह रिपोर्ट 16 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में किए गए सर्वेक्षण के आधार पर तैयार की गई। इनमें पूर्वोत्तर के 4 राज्य, 6 उच्च ध्यान केन्द्रित राज्य और 6 गैर उच्च ध्यान केन्द्रित राज्य थे।

### 'अतुल्य भारत' की नई वेबसाइट की शुरुआत

केन्द्रीय पर्यटन राज्यमन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) केजे अल्फोन्स द्वारा 14 जून, 2018 को नई दिल्ली में 'अतुल्य भारत' की नई वेबसाइट लॉन्च की गई।

इस वेबसाइट में भारत को आध्यात्मिकता, विरासत, साहसिक कार्य, संस्कृति योग, तन्दुरुस्ती जैसे क्षेत्रों में प्रमुख अनुभवों के इर्द-गिर्द घूमते सर्वांगीण लक्ष्य के रूप में दिखाया गया है, तथा यह वेबसाइट विदेशी पर्यटकों के बीच भारत को 'मस्ट विजिट' स्थान के रूप में प्रचारित

करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मानकों की प्रौद्योगिकी और प्रचलन का अनुसरण करती है। 'अतुल्य भारत' भारतीय पर्यटन विभाग का एक अभियान है, जो देश-विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करता है।




### समग्र जल प्रबन्धन सूचकांक पर रिपोर्ट जारी

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और पोतवहन एवं जल संसाधन मन्त्री नितिन गडकरी द्वारा 14 जून, 2018 को नीति आयोग द्वारा समग्र जल प्रबन्धन सूचकांक (सीडब्ल्यूएमआई) पर तैयार रिपोर्ट जारी की गई। इसके अनुसार, 60 करोड़ भारतीय वर्तमान में पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं।

यह समग्र जल प्रबन्धन सूचकांक जल संसाधनों के प्रभावी प्रबन्धन में राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन के आकलन और उनमें सुधार लाने का एक प्रमुख साधन है। यह सूचकांक राज्यों और सम्बन्धित केन्द्रीय मन्त्रालयों/विभागों को उपयोगी सूचना उपलब्ध कराएगा, जिससे वे अच्छी रणनीति बना सकेंगे और जल संसाधनों के बेहतर प्रबन्धन में उसे लागू कर सकेंगे। इस रिपोर्ट में गुजरात को वर्ष 2016-17 के लिए प्रथम श्रेणी में रखा गया, इसके बाद मध्य प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र का स्थान है।

### बीस राज्यों ने 'आयुष्मान भारत' लागू करने पर दी सहमति

नई दिल्ली में 14 जून, 2018 को आयोजित स्वास्थ्य मन्त्रियों के सम्मेलन में 20 राज्यों के स्वास्थ्य मन्त्रियों द्वारा 'आयुष्मान भारत-राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन (एबी-एनएचपीएम)' को लागू करने के लिए सहमति-पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए।

इनमें से 10 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की तीसरे पक्ष की बीमा कम्पनियों का उपयोग करके एबी-एनएचपीएम शुरू करने की योजना है।

7 राज्यों द्वारा एक ट्रस्ट मॉडल द्वारा एबी-एनएचपीएम लागू करने की सम्भावना है, जबकि गुजरात, हिमाचल प्रदेश और मिजोरम एक मिश्रित मॉडल के द्वारा इसे लागू करने की योजना बना रहे हैं। एबी-एनएचपीएम का उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना डाटा का उपयोग कर 10 करोड़ बीपीएल परिवारों के लिए 5 लाख का स्वास्थ्य कवर प्रदान करना है।




### स्वच्छ सर्वेक्षण 2018

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के प्रतिस्पर्धा में शामिल देश के 4041 शहरों में परफॉर्मेंस के आधार पर झारखण्ड को पहला स्थान दिया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 में, इंदौर के बाद भोपाल और चंडीगढ़ का स्थान आया।

### मंत्रिमंडल फेरबदल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 मई, 2018 को कई केंद्रीय मंत्रियों के विभागों में बदलाव किए हैं। रेल मंत्री पीयूस गोयल को वित्त मंत्रालय अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अन्य मंत्रालय आवंटन निम्नानुसार है

स्मृति ईरानी - कपड़ा मंत्रालय

राजवर्धन राठौर - सूचना और प्रसारण मंत्रालय

एसएस अहलूवालिया - इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय

अल्फोस जोसेफ कन्नंतनम - पर्यटन मंत्रालय

### कर्नाटक विधान सभा चुनाव 2018

निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव परिणामों की घोषणा 15 मई, 2018 को की गई। कर्नाटक की 224 विधानसभा सीटों में से 222 सीटों के लिए मतदात हुआ था। जिसमें भारतीय जनता पार्टी को 104 सीटें, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 78 सीटें, जनता दल (सेक्युलर) को 37, बहुजन समाज पार्टी को 1 सीट कर्नाटक प्रगन्यवंता जनता पार्टी को 1 सीट तथा अन्य को 1 सीट प्राप्त हुई थी।

### रेलयात्रियों की शिकायतों के निवारण हेतु लॉन्च हुआ 'रेल मदद'

प्रधानमन्त्री मोदी की डिजिटल पहलों के अनुरूप भारतीय रेलवे ने शिकायत प्रबन्धन प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल बना दिया है, जिसके तहत 11 जून, 2018 को रेल मन्त्री पीयूष गोयल द्वारा रेल यात्रियों की शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया को सुधारने एवं तेज करने के लिए 'रेल मदद' नामक ऐप्प जारी किया गया।

उत्तर रेलवे द्वारा विकसित यह अनोखा मोबाइल ऐप्प यात्रियों की शिकायतों को दर्ज करेगा और उनकी शिकायतों के निवारण की स्थिति के बारे में उन्हें जानकारी उपलब्ध कराएगा। यात्री को पंजीकरण के बाद एसएमएस के द्वारा शिकायत संख्या तुरन्त उपलब्ध कराई जाएगी, जिसके बाद रेलवे द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी एसएमएस द्वारा दी जाती रहेगी।



### प्रधानमंत्री की नेपाल यात्रा

नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11-12 मई, 2018 के मध्य नेपाल की राजकीय यात्रा पर रहे यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी नेपाल यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पशुपतिनाथ, जनकपुरधाम और मुक्तिनाथ पवित्र तीर्थ स्थानों का दौरा किया।

### उपराष्ट्रीपति के तीन राष्ट्रों का दौरा

उपराष्ट्रीपति वेंकैया नायडू द्वारा तीन लैटिन अमेरिकी देशों ग्वाटेमाला, पनामा एवं पेरू की यात्रा का 6-12मई, 2018 के मध्य उद्देश्य इन देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करना है। इसके अतिरिक्त विभिन्न मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय संबंधों में मधुरता लाना भी इस यात्रा का उद्देश्य था।

### राष्ट्रीय जल सूचना विज्ञान केंद्र

कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रीय जल सूचना विज्ञान केंद्र को जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में सृजित किया गया है। एनडब्ल्यू आईसी राष्ट्र व्यापी जल संसाधन डेटा का एक संग्राहक होगा और यह जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय के एक अधीनस्थ कार्यालय के रूप में काम करेगा। इस केन्द्र का प्रमुख संयुक्त सचिव स्तर का एक अधिकारी होगा।

### सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के विरुद्ध महाभियोग नोटिस खारिज

राज्यसभा सभापति तथा उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने 23 अप्रैल, 2018 को सात विपक्षी दलों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के विरुद्ध दिए गए 'महाभियोग' नोटिस को खारिज कर दिया। सात विपक्षी दलों के 64 सांसदों ने कॉंग्रेस पार्टी के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के विरुद्ध 20 अप्रैल, 2018 को 'महाभियोग' नोटिस राज्यसभा के सभापति को सौंपा था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद-124(4) के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय पर महाभियोग चलाने के लिए संसद के सदनों में (लोकसभा में 100 अथवा राज्यसभा में 50) सांसदों के हस्ताक्षर प्रस्ताव पर होने अनिवार्य होते हैं।

### पॉस्को अधिनियम 2012 में संशोधन के लिए अध्यादेश

राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने 22 अप्रैल, 2018 को द प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्राम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट (पॉक्सो) अर्थात् यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने सम्बन्धी अधिनियम 2012 में संशोधन के लिए अध्यादेश जारी किया है। इस अध्यादेश में परिवर्तन करते हुए 12 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के साथ यौन हिंसा के आरोपियों को मृत्यु दण्ड देने का प्रावधान किया गया है। इस अध्यादेश को केन्द्रीय कैबिनेट ने 21 अप्रैल, 2018 को अपनी स्वीकृति दी थी। इस संशोधन के बाद पॉस्को अधिनियम में सुधार के साथ आईपीसी तथा क्रिमिनल प्रोसेड्योर कोड में भी संशोधन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि देश में यौन अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए केन्द्र सरकार ने पॉक्सो कानून वर्ष 2012 में बनाया था, जो बच्चों को छेड़खानी, बलात्कार और कुकर्म जैसे जघन्य अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है।

इसमें 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी तरह का यौन व्यवहार इस कानून के दायरे में आता है।

### 'आयुष्मान भारत' की शुरुआत

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 14 अप्रैल, 2018 को बीजापुर (छत्तीसगढ़) जिले से महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य आश्वासन कार्यक्रम 'आयुष्मान भारत-राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन' के लॉन्च के अवसर पर जांगला विकास हब (बीजापुर) में स्वास्थ्य कल्याण केन्द्र का उद्घाटन किया गया। इस योजना को 22 मार्च, 2018 को मन्त्रिमण्डल की स्वीकृति मिली थी। इसके अन्तर्गत देश के 1.5 लाख स्थानों के उप-केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों के रूप में विकसित किया जाएगा इसके अन्तर्गत 10 करोड़ निर्धन और असुरक्षित परिवार आएँगे तथा प्रत्येक परिवार को इलाज के लिए प्रतिवर्ष ₹ 5 लाख तक का बीमा कवर दिया जाएगा।

### 'ई-ट्राइब्स इण्डिया' की शुरुआत

जनजातीय मामलों के मन्त्री जुआल ओराम ने 27 मार्च, 2018 को 'ई-ट्राइब्स इण्डिया' को लॉन्च किया। इसके अतिरिक्त खुदरा व्यापार के लिए भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड की पुस्तिका और भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड की तिमाही पत्रिका 'ट्राइब्स हाट' का भी विमोचन किया गया।

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड ने अपने सभी उत्पादों को बेचने तथा एम-कॉमर्स (मोबाइल कॉमर्स) क्षेत्र पर पकड़ के लिए अपनी ई-कॉमर्स (इलेक्ट्रोनिक कॉमर्स) वेबसाइट tribesindia.com विकसित की है।

### ब्रह्मोस मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण

राजस्थान के पोखरण में 22 मार्च, 2018 को ताकतवर सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' का सफल परीक्षण किया गया।

यह दुनिया की सबसे तेज एण्टी शिप मिसाइल है। ब्रह्मोस मिसाइल 3700 किमी/घण्टे की स्पीड से 290 किमी तक के लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। यह कम ऊँचाई पर उड़ान भरने के कारण रड़ार की पकड़ में नहीं आ सकती है।

### नौसैनिक अभ्यास वरुण 2018 का आयोजन

भारत-फ्रांस का संयुक्त नौसैनिक अभ्यास वरुण-18 गोवा तट (अरब सागर) पर 19 मार्च, 2018 को आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य आम वैश्विक खतरों पर विचार करते हुए, अपने सशस्त्र बलों के बीच परिचालन-स्तर पर बातचीत करने और पारस्परिक सहयोग बढ़ाने के उपायों का पता लगाना था।

### 105वीं भारतीय विज्ञान काँग्रेस सम्पन्न

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 16 मार्च, 2018 को 105वीं भारतीय विज्ञान काँग्रेस का उद्घाटन किया। यह 16-20 मार्च, 2018 के मध्य इम्फाल स्थित मणिपुर केन्द्रीय विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुई। इस विज्ञान काँग्रेस की थीम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सहारे अगम्य तक पहुँच थी।

### तपेदिक मुक्त भारत अभियान की शुरुआत

नई दिल्ली में 13 मार्च, 2018 को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 'तपेदिक (टीबी) मुक्त भारत अभियान' की शुरुआत की। अभियान की शुरुआत तपेदिक उन्मूलन शिखर सम्मेलन के दौरान की गई। शिखर सम्मेलन में 20 देशों के स्वास्थ्य मन्त्री मौजूद थे।

भारत सरकार द्वारा 'तपेदिक मुक्त भारत अभियान' में वर्ष 2025 तक भारत से तपेदिक को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि डब्ल्यूएचओ द्वारा वर्ष 2030 के लिए लक्ष्य के रूप में निर्धारित है।

### उत्तर प्रदेश व बिहार में उप-चुनाव

उत्तर प्रदेश के दो लोकसभा सीटों (फूलपुर और गोरखपुर) पर 11 मार्च, 2018 को उप-चुनाव सम्पन्न हुआ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने फूलपुर लोकसभा सीट और गोरखपुर लोकसभा सीट पर जीत हासिल की। बिहार में अररिया लोकसभा सीट और जहानाबाद व भभुआ विधानसभा सीटों पर 11 मार्च, 2018 को हुए मतदान में अररिया लोकसभा सीट व जहानाबाद विधानसभा सीट पर आरजेडी और भभुआ विधानसभा सीट पर बीजेपी की जीत हुई।

### सुप्रीम कोर्ट की निष्क्रिय इच्छामृत्यु पर अनुमति

सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए 9 मार्च, 2018 को मरणासन्न (निष्क्रिय) व्यक्ति द्वारा इच्छामृत्यु की माँग को स्वीकृति दे दी। निष्क्रिय इच्छामृत्यु एक ऐसी स्थिति है, जहाँ एक बीमार व्यक्ति की मौत को तेज करने के लिए जान-बूझकर चिकित्सा उपचार वापस ले लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को कानूनी मंजूरी प्रदान की। सुप्रीम कोर्ट ने इच्छामृत्यु के लिए एक गाइडलाइन जारी की है, जोकि कानून बनने तक प्रभावी रहेगी।

### महिला उद्यमियों के लिए 'उद्यम सखी' पोर्टल

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मन्त्री गिरिराज सिंह ने 8 मार्च, 2018 को महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए 'उद्यम सखी' पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस पोर्टल की वेबसाइट www.udyamsakhi.org है। उद्यम सखी पोर्टल के जरिए एक ऐसा नेटवर्क बनाने का प्रयास किया गया है, जिसके जरिए उद्यमशीलता को बढ़ावा दिया जा सके और साथ ही महिलाओं को स्वावलम्बी एवं सशक्त बनाने के लिए कम लागत वाली सेवाओं और उत्पादों के लिए कारोबार के नए मॉडल तैयार किए जा सकें।

### भारत सरकार का '# यस आई ब्लीड' अभियान

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मन्त्रालय ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) 2018 के अवसर पर मासिक धर्म की स्वच्छता अभियान '# यस आई ब्लीड' शुरू किया। यह इस तरह के अभियान का दूसरा संस्करण है, जिसका उद्देश्य माहवारी के जारी होने के लिए समग्र दृष्टिकोण बनाना है। माहवारी के मुद्दे पर जागरुकता फैलाने के लिए फेसबुक और यूट्यूब सहित 'मल्टीमीडिया प्लेटफॉर्मों' में औपचारिक रूप से '# यस आई ब्लीड' अभियान शुरू किया गया था।

### भारत सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय पोषण मिशन' का प्रारम्भ

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 8 मार्च, 2018 को राजस्थान के झुंझूनू जिले से राष्ट्रीय पोषण मिशन की शुरुआत की। इस मिशन के तहत सभी बच्चों को उचित पोषण की प्राप्ति को सुनिश्चित किया जाएगा। राष्ट्रीय पोषण मिशन एक शीर्षस्थ निकाय के रूप में मन्त्रालयों के पोषण सम्बन्धी हस्तक्षेपों की निगरानी, पर्यवेक्षण, लक्ष्य निर्धारण तथा मार्गदर्शन का कार्य करेगा।




### सुखद यात्रा ऐप्प और टोल फ्री इमरजेन्सी नम्बर लॉन्च

केन्द्रीय सड़क परिवहन मन्त्री नितिन गडकरी ने 7 मार्च, 2018 को राजमार्ग का इस्तेमाल करने वालों के लिए दिल्ली में एक मोबाइल ऐप्प और टोल फ्री नम्बर (1033) लॉन्च किया।

यह मोबाइल ऐप्प राजमार्गों का इस्तेमाल करने वालों को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा तैयार किया गया है। 'सुखद यात्रा' ऐप्प की मुख्य विशेषता उपयोगकर्ताओं को सड़क की गुणवत्ता सम्बन्धी जानकारी या राजमार्ग पर किसी दुर्घटना का किसी प्रकार की टूट-फूट की जानकारी दर्ज करने की सुविधा प्रदान करना है।

### भगौड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक, 2018 को मंजूरी

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल ने 1 मार्च, 2018 को संसद में भगौड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक, 2018 को मंजूरी प्रदान की। इस विधेयक में भारतीय न्यायालयों के कार्यक्षेत्र से बाहर रहकर भारतीय कानूनी प्रक्रिया से बचने वाले आर्थिक अपराधियों की प्रवृत्ति को रोकने के लिए कड़े उपाय करने में मदद मिलेगी। इस विधेयक में किसी व्यक्ति को भगौड़ा आर्थिक अपराधी के रूप में घोषित करने के लिए एक न्यायालय (धन शोधन रोकथाम अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत विशेष न्यायालय) का प्रावधान भी किया गया है।

### परमाणु क्षमता से लैस 'धनुष' मिसाइल का परीक्षण

भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन ने 23 फरवरी, 2018 को परमाणु क्षमता से लैस धनुष मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के पारादीप से किया। धनुष मिसाइल स्वदेशी तकनीक से निर्मित पृथ्वी मिसाइल का नौ सैनिक संस्करण है।

### अवनी चतुर्वेदी बनी लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली महिला

भारतीय वायु सेना की फ्लाइंग ऑफिसर अवनी चतुर्वेदी ने फरवरी, 2018 में अकेले 'मिग 21' लड़ाकू विमान उड़ाकर इतिहास रचा। इसके साथ ही वह अकेले लड़ाकू विमान उड़ाने वाली भारत की पहली महिला बन गई है।

### कमल हसन की नई पार्टी 'मक्कल नीधि मय्यम'

तमिल सिनेमा के मशहूर अभिनेता कमल हासन ने 21 फरवरी, 2018 को अपनी नई पार्टी की घोषणा की। कमल हासन की नई पार्टी का नाम 'मक्कल नीधि मय्यम' है। पार्टी के नाम की घोषणा के साथ ही उन्होंने कहा कि महात्मा गाँधी और एपीजे अब्दुल कलाम मेरे आदर्श हैं और मैं इन्हीं की तरह काम करना चाहता हूँ।

### अग्नि-II मिसाइल का सफल परीक्षण

भारतीय सेना के स्ट्रैटेजिक कमाण्ड ने 20 फरवरी, 2018 को ओडिशा में स्थित अब्दुल कलाम द्वीप से अग्नि-II मिसाइल का सफल परीक्षण किया। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम इस मिसाइल की मारक क्षमता 2000 किमी है।

### स्वदेश निर्मित ड्रोन 'रुस्तम-2' का सफल परीक्षण

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 25 फरवरी, 2018 को कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में स्थित परीक्षण केन्द्र से स्वदेश निर्मित ड्रोन 'रुस्तम-2' का सफल परीक्षण किया। इस ड्रोन का विकास मध्यम ऊँचाई तक और लम्बी अवधि तक उड़ने वाले ड्रोन के रूप में तीनों सेनाओं के लिए किया गया है।

### अन्तर्राष्ट्रीय सतत विकास सम्मेलन, 2018 आयोजित

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 16 फरवरी, 2018 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 'अन्तर्राष्ट्रीय सतत विकास सम्मेलन (डब्ल्यूएसडीएस) 2018 का उद्घाटन किया। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन का **थीम-पार्टनरशिप फॉर ए रेजिलिएण्ट प्लैनेट'** था।

डब्ल्यूएसडीएस, द एनर्जी एण्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट (टेरी) का प्रमुख मंच है, जो टिकाऊ विकास, ऊर्जा और पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े वैश्विक नेताओं और विचारकों को एक साथ लाने का प्रयास करता है।

### राष्ट्रपति भवन में एलपीजी पंचायत का आयोजन

राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने 13 फरवरी, 2018 को राष्ट्रपति भवन में एलपीजी पंचायत का आयोजन किया। इसका उद्देश्य एलपीजी उपभोक्ताओं को एक-दूसरे से बातचीत करने, एक-दूसरे से सीखने तथा अनुभव साझा करने के लिए मंच प्रदान करना है।

### 'द ग्रेट इण्डिया ब्लॉग ट्रेन' अभियान की शुरुआत

पर्यटन मन्त्रालय ने 7 फरवरी, 2018 को सफदरजंग रेलवे स्टेशन (नई दिल्ली) में 'द ग्रेट इण्डिया ब्लॉग ट्रेन' अभियान की शुरुआत की। पर्यटन और पर्यटन से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं को बढ़ावा देने के लिए यात्रा ब्लॉगर्स को इस अभियान से जोड़ा गया है।

### कुसुम स्कीम का आरम्भ

केन्द्र सरकार ने किसानों के बीच सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए 1 फरवरी, 2018 को किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (कुसुम) आरम्भ किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 'सोलर फार्मिंग' को प्रोत्साहन देना है।

### आसियान राष्ट्राध्यक्ष रहे भारत के गणतन्त्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

26 जनवरी, 2018 को भारत का 69वाँ गणतन्त्र दिवस समारोह सम्पन्न हुआ। इसमें 10 आसियान देशों के प्रमुख-ली लीन लुंग (सिंगापुर), जनरल प्रयुत चान ओचा (थाईलैण्ड), रॉड्रिगो दुतेर्ते (फिलिपीन्स), ग्यूयेन जुआन फूक (वियतनाम), आंग सान सू की (म्यांमार), थोंगलाउन सिसोलिथ (लाओस), जोको विडोडो (इण्डोनेशिया), मोहम्मद नजीब रज्जाक (मलेशिया), हाजी हसनअल बोल्किया (ब्रुनेई) और हुन सेन (कम्बोडिया) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भारतीय इतिहास में यह पहला अवसर है, जब किसी गणतन्त्र दिवस पर दो से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष बतौर मुख्य अतिथि आए हों।

### स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी 'करंज' नौसेना में शामिल

मुम्बई के मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएस) से स्कॉर्पीन श्रेणी की तीसरी पनडुब्बी 'करंज' को 31 जनवरी, 2018 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। करंज स्वदेशी पनडुब्बी है, जो 'मेक इन इण्डिया' कार्यक्रम के तहत तैयार की गई है। यह एण्टी-सरफेस, एण्टी-सबमरीन, खुफिया सूचना एकत्रित करना तथा निगरानी जैसे काम करने में सक्षम है।

## अन्तर्राष्ट्रीय

### वैश्विक दासता सूचकांक 2018 में उत्तर कोरिया शीर्ष पर

- वैश्विक संगठन 'वॉक फ्री फाउण्डेशन' द्वारा 9 जुलाई, 2018 को न्यूयॉर्क (यूएसए) में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में वैश्विक दासता सूचकांक (ग्लोबल स्लेवरी इण्डेक्स) 2018 जारी किया गया।
- इस सूचकांक में उत्तर कोरिया को शीर्ष स्थान पर रखा गया। उत्तर कोरिया में प्रति हजार जनसंख्या में से 104.6 आधुनिक दासता के शिकार हैं। इस सूचकांक में जापान को सबसे निचले स्थान पर रखा गया जहाँ दासता प्रचलित दर 0.3/1000 दर्ज की गई।
- भारत को इस सूचकांक में 53वाँ स्थान प्राप्त हुआ। भारत में 8 मिलियन लोग आधुनिक दासता के शिकार हैं।
- यह इस सूचकांक का चौथा संस्करण है। यह सूचकांक वैश्विक दासता के अध्ययन का सबसे जोरदार अध्ययन है, जो आधुनिक दासता के प्रसार को देश-दर-देश मापता है।

### तुर्की में आपातकाल की समाप्ति

- अन्तर्महाद्वीपीय देश 'तुर्की' में 18 जुलाई, 2018 को राष्ट्रव्यापी आपातकाल को समाप्त कर दिया गया। वर्ष 2016 में तुर्की में तख्तापलट की नाकाम कोशिश के बाद आपातकाल लगाया गया था। तख्तापलट की कोशिश के लिए निर्वासित धर्मगुरु फेतुल्लाह गुलेन को जिम्मेदार ठहराया गया था।
- अब सरकार द्वारा तीन-तीन महीने आपातकाल को सात बार बढ़ाने के बाद इसे और आगे न बढ़ाने का फैसला किया गया है।
- तख्तापलट की कोशिश में सेना द्वारा संसद पर बमबारी की गई थी जिसमें 250 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई थी।

### ट्रम्प-पुतिन की ऐतिहासिक वार्ता

- हेलसिंकी (फिनलैण्ड) में 16 जुलाई, 2018 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के बीच ऐतिहासिक शिखर वार्ता आयोजित की गई।
- इस वार्ता के दौरान ट्रम्प द्वारा रूस के साथ असाधारण सम्बन्धों का वादा किया गया। वार्ता के बाद दोनों नेताओं में पुरानी कड़वाहट भुलाकर नए सिरे से रिश्ते बनाने की प्रतिबद्धता जताई गई।
- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यह विश्व की दो महाशक्तियों के बीच हुई 10वीं वार्ता थी, जिसे दोनों महाशक्तियों के बीच सम्बन्धों को सुधारने की सकारात्मक पहल माना जा रहा है।



### 29वाँ नाटो शिखर सम्मेलन ब्रुसेल्स में सम्पन्न

- यूरोपीय देश बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में 11-12 जुलाई, 2018 को उत्तर अटलाण्टिक सन्धि संगठन (नाटो) की 29वीं वार्षिक बैठक सम्पन्न हुई।
- इस शिखर सम्मेलन में नाटो के सभी सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों/प्रमुखों ने भाग लिया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता नाटो के महासचिव जेम्स स्टोल्टेनबर्ग (नॉर्वे) द्वारा की गई।
- नाटो एक सैन्य गठबन्धन है जिसने सामूहिक सुरक्षा की व्यवस्था बनाई है। वर्ष 1949 में स्थापित नाटो के वर्तमान में 29 सदस्य हैं। इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स (बेल्जियम) में स्थित है।

### ग्लोबल रियल एस्टेट ट्रांसपेरेन्सी इण्डेक्स में ब्रिटेन शीर्ष स्थान पर

अचल सम्पत्ति सलाहकार कम्पनी 'जेएलएल इण्डिया' द्वारा 28 जून, 2018 को ग्लोबल रियल एस्टेट ट्रांसपेरेन्सी इण्डेक्स 2018 जारी किया गया। इसमें भारत को 35वें स्थान पर रखा गया।

इस इण्डेक्स में युनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, यूएसए, फ्रांस, कनाडा, नीदरलैण्ड्स, न्यूजीलैण्ड, जर्मनी, आयरलैण्ड और स्वीडन ने क्रमशः शीर्ष-10 स्थान प्राप्त किए। यह सूचकांक प्रत्येक दो वर्ष में जारी किया जाता है। वर्ष 2016 के सूचकांक में भारत को 36वाँ स्थान प्राप्त हुआ था, जबकि वर्ष 2014 में भारत 40वें स्थान पर रहा था। वेनेजुएला, लीबिया, सेनेगल, मोजाम्बिक और आइवरी कोस्ट इसमें निम्न-5 देश रहे।

### मिस्र में तीन माह के लिए बढ़ा 'आपातकाल'

अन्तर्महाद्वीपीय देश 'मिस्र' में 24 जून, 2018 को आपातकाल को तीन माह के लिए बढ़ाने का सरकारी आदेश जारी किया गया। मिस्र में अप्रैल, 2017 में दो कॉप्टिक चर्चों पर हुए हमलों के बाद से 'आपातकाल' लागू है। इस हमले में कम-से-कम 44 लोग मारे गए थे।

मिस्र कई वर्षों से इस्लामी आतंकवादियों से जूझ रहा है। लेकिन वर्ष 2013 में विभाजनकारी इस्लामवादी राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी के हटाए जाने के बाद से आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि हुई। आतंकियों द्वारा मुख्य रूप से सुरक्षा बलों और इसाइयों को निशाना बनाया जाता है।

### सऊदी अरब में महिलाओं के वाहन चलाने पर लगा प्रतिबन्ध समाप्त

इस्लामी राजतन्त्र सऊदी अरब में 24 जून, 2018 को महिलाओं के वाहन चलाने पर लगा प्रतिबन्ध समाप्त हो गया। सऊदी अरब विश्व का अन्तिम देश था, जहाँ यह प्रतिबन्ध लागू था।

यह कदम उन सऊदी महिलाओं के लिए एक मील का पत्थर है, जिन्हें कहीं जाने के लिए ड्राइवरों, पुरुष रिश्तेदारों, टैक्सियों या सवारी करने वाली सेवाओं पर निर्भर रहना पड़ता था।

सऊदी अरब के शहजादे मुहम्मद बिन सलमान की आधुनिकता लाने की कोशिशों के तहत यह प्रतिबन्ध समाप्त किया गया है।

वर्ष 1990 में पहली बार इसके लिए मुहिम शुरू हुई थी, उस समय सरकार ने इसमें शामिल होने वाली माहिलाओं को नौकरियों से निकाल दिया था और उनके आने-जाने पर एक वर्ष के लिए पाबन्दी लगा दी गई थी।

### 'यूएनएचआरसी' से अलग हुआ अमेरिका

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत निक्की हैली द्वारा 19 जून, 2018 को संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) से अलग होने के सम्बन्ध में घोषणा की गई।

यूएसए द्वारा 47-सदस्यीय यूएनएचआरसी पर इजरायल का विरोधी होने का आरोप लगाया है। यूएसए लम्बे समय से यूएनएचआरसी में सुधार किए जाने की माँग करता रहा है तथा माँग न मानने पर बाहर होने की चेतावनी देता रहा है। यूएसए द्वारा पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल में भी तीन वर्ष तक यूएनएचआरसी का बहिष्कार किया गया था, इसके बाद ओबामा के राष्ट्रपति बनने के बाद वर्ष 2009 में वह यूएनएचआरसी में फिर से शामिल हुआ था। यूएनएचआरसी का उद्देश्य विश्व में मानवाधिकारों से सम्बन्धित मुद्दों पर नजर रखना है। इसे वर्ष 2006 में 'संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग' के स्थान पर स्थापित किया गया था।

### फ्लिपकार्ट डील

भारत की सबसे बड़ी ऑनलाइन रिटेल कम्पनी फ्लिपकार्ट 10मई, 2018 को वॉलमार्ट का हो गया। वॉलमार्ट ने 77 परसेंट हिस्सेदारी 16 अरब डॉलर (1,05,360 करोड़ रुपए) में खरीदी। इस सौदे के बाद फ्लिपकार्ट 20 अरब 80 करोड़ डॉलर यानी 1 लाख 30 हजार करोड़ रुपए की कंपनी हो गई।

### चोगम 2018 का किया गया आयोजन



राष्ट्रमण्डल देशों के शासनाध्यक्षों की बैठक (चोगम) का आयोजन 19 - 20 अप्रैल, 2018 के मध्य लन्दन में किया गया। इस बैठक में 'राष्ट्रमण्डल' समूह को प्रभावी बनाने के मुद्दों पर विचार किया गया।

बैठक में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार तथा जलवायु परिवर्तन से सम्बद्ध पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में राष्ट्रमण्डल के 53 सदस्य देशों के शासनाध्यक्षों ने हिस्सा लिया।

### क्यूबा में 'कास्त्रो युग' का अन्त

क्यूबा की संसद 'नेशनल असेम्बली' ने 19 अप्रैल, 2018 को मिगेल डियाज-कैनेल को देश का नया राष्ट्रपति नियुक्त किया है। राउल कास्त्रो द्वारा अपना पद त्यागने के बाद संसद ने मिगेल को राष्ट्रपति नियुक्त किया। 40 वर्षों बाद क्यूबा में कास्त्रो परिवार से अलग किसी व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाया गया है। राउल कास्त्रो ने वर्ष 2006 में क्यूबा के राष्ट्रपति का पद ग्रहण किया था। राष्ट्रपति पद से त्याग-पत्र देने के बाद भी राउल कास्त्रो क्यूबा की कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष बने रहेंगे, जिसके माध्यम से क्यूबा की सत्ता पर उनका नियन्त्रण बना रहेगा।

### भारत यूएन की छह संस्थाओं के लिए निर्वाचित

भारत द्वारा 16 अप्रैल, 2018 को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एनजीओ समिति सहित आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) की छह संस्थाओं के चुनाव में जीत दर्ज की गई। इनमें से पाँच में भारत का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। भारत द्वारा यूएन कार्यकारी बोर्ड की यूएन विकास कार्यक्रम, यूएन पॉपुलेशन फण्ड और यूएन ऑफिस फॉर प्रोजेक्ट सर्विसेज जैसी अहम सीटों के लिए हुए चुनाव में भी जीत दर्ज की गई।

### विश्व में सड़क दुर्घटनाओं से सम्बन्धित 'यूएन रोड सेफ्टी ट्रस्ट फण्ड' की शुरुआत

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की उप-महासचिव अमीना मोहम्मद द्वारा 12 अप्रैल, 2018 को विश्वभर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर 'यूएन रोड सेफ्टी ट्रस्ट फण्ड' की शुरुआत की गई। इस कोष का प्रयोग सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और घायलों की सुरक्षा में कमी लाने के साथ ही सुरक्षित और सहज परिवहन प्रणाली उपलब्ध कराने में किया जाएगा। इस फण्ड में योगदान करने वाले प्रत्येक $ 1500 से एक जीवन को बचाया जा सकेगा, 10 गम्भीर चोटों को रोका जा सकेगा और सड़क सुरक्षा में निवेश हेतु $ 51 हजार का लाभ उठाया जा सकेगा।

### अमेरिका ने चीन के खिलाफ की आर्थिक दण्ड की घोषणा

ट्रम्प प्रशासन द्वारा 22 मार्च, 2018 को चीन पर व्यापार प्रतिबन्धों की घाषणा की गई। इसमें $ 60 बिलियन मूल्य के उत्पादों पर निवेश और टैरिफ के प्रतिबन्ध भी शामिल हैं। विश्व में सबसे तेजी से बढ़ते आर्थिक प्रतिद्वन्द्वी के खिलाफ ट्रम्प का यह अब तक का सबसे आक्रामक कदम है। इनमें जूते व कपड़े से लेकर इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ शामिल हैं। चीन की महत्वाकांक्षी औद्योगिक नीति को रोकने के लिए चीनी निवेश पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए अमेरिका द्वारा अपने वित्त मन्त्रालय को निर्देश दिया गया है। इस आक्रामक कदम का मकसद बौद्धिक सम्पदा और मोबाइल तकनीकी जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों पर नियन्त्रण करना है।

### विश्व व्यापार संगठन की मन्त्रिस्तरीय बैठक आयोजित

वैश्विक कारोबार में बढ़ते संरक्षणवाद के बीच 19 मार्च, 2018 को नई दिल्ली में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की अनौपचारिक मन्त्रिस्तरीय बैठक प्रारम्भ हुई, जिसमें अमेरिका और चीन सहित 52 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। भारत ने डब्ल्यूटीओ को पुनर्जीवित करने के विकल्प तलाशने के लिए यह बैठक बुलाई। इस बैठक में सभी सदस्यों ने तनाव बढ़ाने की बजाय विश्व व्यापार संगठन के सदस्य देशों के वैश्विक व्यापार को बाधित करने वाले मुद्दों को हल करने के उपाय ढूँढने पर जोर दिया।

### पुतिन चौथी बार बने रूस के राष्ट्रपति

18 मार्च, 2018 को सम्पन्न रूस के राष्ट्रपति चुनाव की मतगणना के पश्चात व्लादिमीर पुतिन ने चौथी बार जीत दर्ज की। इस बार के चुनाव में व्लादिमीर पुतिन को 76.66% वोट मिले। वहीं उनके प्रतिद्वन्द्वी कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार पावेल ग्रुदिनिन को लगभग 12% मत मिले। इस जीत के साथ ही पुतिन अब वर्ष 2024 तक राष्ट्रपति पद पर काबिज रहेंगे।

### एन्जेला मर्केल, पुनः बनीं जर्मनी की चान्सलर

जर्मनी की संसद ने चौथी बार एन्जेला मर्केल को चान्सलर के पद पर चुना है। जर्मनी में चान्सलर का पद सबसे ऊँचा पद होता है, जिसके लिए एन्जेला को 14 मार्च, 2018 को फिर से चुन लिया गया। संसद में 364 में से 315 सांसदों ने मर्केल के पक्ष में वोट दिया था, जबकि 9 अनुपस्थित रहे थे।

### वर्ल्ड हैप्पीनेस इण्डेक्स 2018 में भारत को 133वाँ स्थान

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के सस्टेनेबल डेवलपमेण्ट सॉल्यूशन्स नेटवर्क द्वारा 14 मार्च, 2018 को वर्ल्ड हैप्पीनेस इण्डेक्स रिपोर्ट-2018 जारी किया गया। 156 देशों के 'वर्ल्ड हैप्पीनेस इण्डेक्स' में भारत को 133वाँ स्थान दिया गया है। वर्ष 2017 की रिपोर्ट में भारत को 124वाँ स्थान प्राप्त हुआ था। वर्ल्ड हैप्पीनेस इण्डेक्स रिपोर्ट 2018 के अनुसार फिनलैण्ड विश्व का सबसे खुशहाल देश है। नॉर्वे को दूसरा स्थान दिया गया है। इण्डेक्स में बुरुंडी को सबसे न्यूनतम रैंकिंग प्राप्त हुई है।

### भारत विश्व का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश

स्टॉकहोम इण्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) द्वारा 12 मार्च, 2018 को जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2013 से 2017 के बीच विश्व भर में बड़े हथियारों की खरीद में 10% की वृद्धि दर्ज की गई। भारत में रक्षा उपकरणों का निर्माण नहीं हो पाने के कारण भारत को सैन्य उपकरणों और हथियारों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इसी निर्भरता के कारण भारत विश्व का सबसे बड़ा हथियार और रक्षा उपकरण आयात करने वाला देश बना हुआ है।

### 'शी जिनपिंग' चीन के राष्ट्रपति के रूप में पुनर्निर्वाचित

शी जिनपिंग 12 मार्च, 2018 को चीन के राष्ट्रपति के रूप में पुनर्निर्वाचित हुए। जिनपिंग का राष्ट्रपति के रूप में यह लगातार दूसरा कार्यकाल है। चीन की संसद ने राष्ट्रपति के पद पर अधिकतम दो बार किसी व्यक्ति को चुने जाने के नियम को समाप्त कर दिया है। जिनपिंग के साथ उनके विश्वास पात्र 'वांग क्वीशान' को उप-राष्ट्रपति पद के लिए चुना गया है। राष्ट्रपति के रूप में जिनपिंग की यह नियुक्ति अब आजीवन तक कायम रहने की सम्भावना है।

### 'तालिबान' का तापी पाइपलाइन को समर्थन

9 मार्च, 2018 को आतंकी समूह तालिबान ने प्रस्तावित तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (तापी) पाइपलाइन को समर्थन देने की घोषणा की। अफगानिस्तान में तालिबान के विरोध के चलते ये परियोजना कई वर्षों से रुकी हुई थी। यह जानकारी ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में दी गई।

### जेफ बेजोस हैं दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति

अमेरिकी पत्रिका फॉर्ब्स ने मार्च, 2018 में विश्व के अमीर व्यक्तियों की सूची जारी की। इस सूची में ई-कॉमर्स कम्पनी अमेजन के संस्थापक 'जेफ बेजोस' दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। इससे पूर्व यह रिकॉर्ड माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक 'बिल गेट्स' के नाम था।

### सऊदी अरब में पहली बार महिला मैराथन का आयोजन

सऊदी अरब में 4 मार्च, 2018 को पहली बार महिलाओं के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इसे सऊदी अरब के आधुनिकीकरण और खेलों के लिए महिलाओं को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। यह प्रतियोगिता सऊदी अरब के अल-अहसा प्रान्त में आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### मार्शल आइलैण्ड ने जारी की वर्चुअल करेन्सी

मार्शल आइलैण्ड ने 5 मार्च, 2018 को विश्व की पहली कानूनी मान्यता प्राप्त 'क्रिप्टो-करेन्सी' लॉन्च की, ताकि देश की अर्थव्यवस्था में सुधार लाया जा सके एवं बिल इत्यादि की अदायगी के लिए कैश जुटाया जा सके। क्रिप्टो-करेन्सी जारी करने के लिए मार्शल आइलैण्ड के अधिकारियों ने इजरायल की कम्पनी 'नीमा' के साथ समझौता किया है।

### चीन बना एफएटीएफ का उपाध्यक्ष

चीन 25 फरवरी, 2018 को वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) का उपाध्यक्ष बना। विश्व के कई देशों ने चीन से यह उम्मीद जताई है कि वह संगठन के उद्देश्यों को सन्तुलित और वस्तुनिष्ठ तरीके से कायम रखेगा और उसे समर्थन देगा। एफएटीएफ की पूर्ण बैठक में अमेरिका और उसके कुछ यूरोपीय सहयोगी पाकिस्तान को उन देशों की सूची में डालने के पक्ष में थे, जो आतंकवाद का वित्त पोषण करते हैं।

### भारत और जर्मनी के बीच शहरी विकास हेतु समझौता

भारत और जर्मनी के बीच 23 फरवरी, 2018 को स्मार्ट शहरों तथा टिकाऊ शहरी विकास कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता आवास और शहरी विकास राज्य मन्त्री हरदीप सिंह पुरी और भारत में जर्मनी के राजदूत डॉ. मार्टिन के बीच सम्पन्न हुआ।

### 'वैश्विक लोकतन्त्र सूचकांक' में भारत 42वें स्थान पर

ब्रिटेन के मीडिया संस्थान 'द इकोनॉमिस्ट' द्वारा फरवरी, 2018 में तैयार किए गए वैश्विक लोकतन्त्र सूचकांक में भारत पिछले वर्ष की तुलना में 10 स्थान फिसलकर 42वें पायदान पर आ गया। इस सूचकांक में 165 स्वतन्त्र देशों

को शामिल किया गया है। सूचकांक में नॉर्वे शीर्ष स्थान पर और आइसलैण्ड व स्वीडन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### अन्तर्राष्ट्रीय बाँध सुरक्षा सम्मेलन 2018 का आयोजन

तिरुवनन्तपुरम (केरल) में 23-24 जनवरी, 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय बाँध सुरक्षा सम्मेलन 2018 का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन केन्द्रीय जल आयोग द्वारा किया गया। बाँध सुरक्षा पर वार्षिक रूप से आयोजित यह सम्मेलन बाँध सुरक्षा पुनर्वास तथा पुनर्योग प्रोजेक्ट के तहत किया गया।



# अर्थव्यवस्था

## राष्ट्रीय

### मनाया गया पहला 'जीएसटी दिवस'

भारत सरकार की भारतीय कर प्रणाली में अभूतपूर्व सुधार (जीएसटी) के अस्तित्व में आने के एक वर्ष पूरा होने पर 1 जुलाई, 2018 को 'जीएसटी दिवस' के रूप में मनाया गया।

केन्द्रीय वित्त मन्त्रालय के अनुसार, पहला वर्ष सामने आने वाली विभिन्न प्रकार की चुनौतियों एवं नीति-निर्माताओं तथा कर प्रशासकों की इनसे बेहतर तरीके से निपटने की इच्छा और क्षमता दोनों ही रूप में उल्लेखनीय रहा।

माल और सेवा कर (जीएसटी) को 1 जुलाई, 2017 से लागू किए जाने से भारतीय अर्थव्यवस्था में रूपान्तरकारी परिवर्तन आया है। जीएसटी से बहु-स्तरीय, जटिल अप्रत्यक्षकर संरचना के स्थान पर एक सरल, पारदर्शी एवं प्रौद्योगिकी-आधारित कर व्यवस्था अस्तित्व में आई है।

### भारत सहित 16 देश बनाएँगे नया कारोबारी गुट

टोक्यो (जापान) में 1 जुलाई, 2018 को एशिया- प्रशान्त के 16 देशों के मन्त्रियों की बैठक हुई। यह बैठक रीजनल कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (आरसीईपी) के तौर पर आयोजित हुई।

इस बैठक में आपसी मतभेदों को खत्म करने की कोशिश की गई, तथा अमेरिका के संरक्षणवाद के विरुद्ध चीन, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान सहित 16 देशों के एक नए कारोबारी गुट की स्थापना पर सहमति बनी।

अगर यह गुट आकार लेता है तो यह विश्व की एक-तिहाई अर्थव्यवस्था और लगभग आधी जनसंख्या को कवर करेगा।

जापानी प्रधानमन्त्री शिन्जो एबे के अनुसार, इस गुट द्वारा अमेरिकी संरक्षणवाद से निपटने के लिए मुक्त और नियम आधारित कारोबार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### स्विस बैंकों में जमा धन के मामले में भारत 73वें स्थान पर

स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) द्वारा 1 जुलाई, 2018 को विदेशियों द्वारा धन जमा करने के सम्बन्ध में नवीनतम डाटा जारी किया गया।

इस डाटा के अनुसार, स्विस बैंकों में धन जमा करने के मामले में भारत 73वें स्थान पर है। स्विस बैंकों में भारत के लगभग 1 अरब स्विस फ्रैंक (लगभग 7 हजार करोड़) जमा हैं।

इस मामले में विश्व के शीर्ष-दस देशों में क्रमशः ब्रिटेन, यूएसए, वेस्ट इण्टीज, फ्रांस, हॉंगकॉंग, बहामास, जर्मनी, गुअर्नसे, लक्जमबर्ग और केमेन द्वीप शामिल हैं।

वर्ष 2017 में स्विस बैंक में जमा धन में कुल 3% की वृद्धि हुई। इससे कुल जमा धन 1.46 लाख करोड़ स्विस फ्रैंक (लगभग 100 लाख करोड़) हो गया है। विकसित देशों का धन कुल 10% वृद्धि के साथ 876 अरब स्विस फ्रैंक हो गया है।

### टाटा स्टील और थाइसेनक्रप बनाएँगे यूरोप की दूसरी सबसे बड़ी इस्पात कम्पनी

'टाटा स्टील' और जर्मनी की इस्पात कम्पनी 'थाइसेनक्रप' के बीच 30 जून, 2018 को बराबर हिस्सेदारी पर संयुक्त उद्यम बनाने की शर्तों पर सहमति बन गई।

इस सौदे के तहत टाटा स्टील और थाइसेनक्रप द्वारा मिलकर थाइसेनक्रप टाटा स्टील बीवी नामक कम्पनी स्थापित की जाएगी। यह यूरोप की दूसरी सर्वाधिक बड़ी इस्पात कम्पनी होगी।

इस संयुक्त उद्यम में दोनों कम्पनियों की 50-50% हिस्सेदारी होगी। संयुक्त उद्यम का आईपीओ आने की स्थिति में थाइसेनक्रप को जुटाई गई पूँजी में अधिक हिस्सा मिलेगा। इसका अनुपात 55 : 45 का होगा।

# खेल-खिलाड़ी

## क्रिकेट

### भारत-आयरलैण्ड टी20 शृंखला 2018

डबलिन (आयरलैण्ड) स्थित मैलेहाइड क्रिकेट क्लब ग्राउण्ड पर 29 जून, 2018 को खेले गए भारत-आयरलैण्ड टी 20 शृंखला 2018 के दूसरे व अन्तिम मैच में भारत ने 143 रन से जीत दर्ज कर यह शृंखला 2-0 से जीत ली।

रनों के मामले में यह भारत की टी 20 मैचों में सबसे बड़ी जीत थी। इसके अलावा अन्तर्राष्ट्रीय टी 20 मैचों में यह किसी भी टीम द्वारा दर्ज की गई दूसरी सबसे बड़ी जीत थी। इस शृंखला के पहले मैच में भारतीय टीम 76 रन से विजयी रही थी। भारत के लेग ब्रेक गेंदबाज युजवेन्द्र चहल को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चयनित किया गया।

### वुमेन्स टी 20 एशिया कप 2018

कुआला लम्पुर (मलेशिया) में 10 जून, 2018 को खेले गए वुमेन्स टी 20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेण्ट 2018 के फाइनल में बांग्लादेश ने भारत को 3 विकेट से हराकर अपना पहला खिताब जीता। भारत की टीम पहले बार एशिया कप के फाइनल में हारी।

यह महिला एशिया कप का सातवाँ (टी20 फॉर्मेट में तीसरा) संस्करण था। इसमें भारत और बांग्लादेश के अलावा मलेशिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और थाईलैण्ड की टीमों ने भाग लिया।

भारत की हरमनप्रीत कौर को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया। हरमनप्रीत ने टूर्नामेण्ट में सर्वाधिक (215) रन बनाए, जबकि पाकिस्तान की निदा डार ने सर्वाधिक (11) विकेट प्राप्त किए।

### निदाहास ट्रॉफी 2018

6 मार्च, 2018 को श्रीलंका में निदहास ट्रॉफी खेली गई। श्रीलंका, भारत, बांग्लादेश के बीच खेली गई इस त्रिकोणीय टी-20 शृंखला में भारत ने फाइनल मैच में बांग्लादेश को पराजित कर शृंखला जीत ली।

### ईरानी ट्रॉफी 2017-18

विदर्भ की टीम ने 18 मार्च, 2018 को ईरानी ट्रॉफी 2017-18 के फाइनल में शेष भारत की टीम को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराकर खिताब जीत लिया। विदर्भ की टीम ने अपनी पहली पारी में 800 रन बनाए, जबकि शेष भारत की टीम पहली पारी में 390 रन पर ही सिमट गई। वसीम जाफर (विदर्भ) को दोनों पारियों में उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### देवधर ट्रॉफी 2018

धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में 12 मार्च, 2018 को खेले गए देवधर ट्रॉफी 2018 के फाइनल मुकाबले में इण्डिया 'बी' ने कर्नाटक को 6 विकेट से हराकर खिताबी जीत हासिल की। रविकुमार समर्थ (कर्नाटक) को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। देवधर ट्रॉफी भारतीय घरेलू क्रिकेट के तहत लिस्ट 'ए' में आती है। इसे डीबी देवधर के नाम पर जाना जाता है।

### क्रिकेट अण्डर-19 वर्ल्ड कप 2018

बे ओवल (न्यूजीलैण्ड) में 2 फरवरी, 2018 को सम्पन्न अण्डर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। उन्मुक्त चन्द के बाद 'मनजोत कालरा' ऐसे दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिसने फाइनल में शतक बनाया।



### दृष्टिबाधित विश्व कप 2018

शारजाह (यूएई) में 27 जनवरी, 2018 को खेले गए दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप 2018 के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 2 विकेट से हराया।

## हॉकी

### चैम्पियन्स ट्रॉफी 2018

ब्रेडा (नीदरलैण्ड्स) में 1 जुलाई, 2018 को खेले गए पुरुष चैम्पियन्स ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता 2018 के फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध हार का सामना करना पड़ा।

निर्धारित समय तक दोनों टीम 1-1 की बराबरी पर रहीं और विजेता का निर्णय पेनल्टी शूटआउट से हुआ। पेनल्टी शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया की टीम 3-1 से विजयी रही।

चैम्पियन्स ट्रॉफी के पिछले संस्करण (2016) में भी भारतीय टीम फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से पेनल्टी शूटआउट में ही हार गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने 15वीं बार चैम्पियन्स ट्रॉफी का खिताब जीता है। इस प्रतियोगिता में खेलने वाली अन्य चार टीम नीदरलैण्ड्स, अर्जेण्टीना, बेल्जियम और पाकिस्तान की थीं।

### सुल्तान अजलान शाह कप 2018

इपोह (मलेशिया) में 3-10 मार्च, 2018 के बीच खेली गई सुल्तान अजलान शाह कप हॉकी चैम्पियनशिप का खिताब ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैण्ड की टीम को 2-1 के अन्तर से हराकर जीता। अर्जेण्टीना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## टेनिस

### बिम्बलडन 2018 (टेनिस)

- टेनिस की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 'बिम्बलडन चैम्पियनशिप' का 132वाँ संस्करण 2-15 जुलाई, 2018 के मध्य लन्दन (यूके) में सम्पन्न हुआ। इसमें सर्बिया के नोवाक जोकोविच और जर्मनी की एन्जेलिक कर्बर ने क्रमशः पुरुष और महिला एकल वर्ग में खिताबी जीत दर्ज की।
- जोकोविच ने चौथी बार, जबकि कर्बर ने पहली बार विम्बलडन खिताब जीतने में सफलता प्राप्त की।
- युगल वर्गों में माइक ब्रायन व जैक सॉक (यूएसए) की जोड़ी ने पुरुष युगल तथा बारबोरा क्रेजिकोवा व कैटरीना सिनिमाकोना (चेक रिपब्लिक) की जोड़ी ने महिला युगल किताब अपने नाम किया।

### क्वीन्स क्लब चैम्पियनशिप 2018

लन्दन (यूके) में 24 जून, 2018 को सम्पन्न क्वीन्स क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैम्पियनशिप 2018 के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में क्रोएशिया के मारिन सिलिच ने नोवाक जोकोविच (सर्बिया) को हराकर खिताब अपने नाम किया।

पुरुष युगल वर्ग के फाइनल में हेनरी कॉण्टिनेन (फिनलैण्ड) और जॉन पीयर्स (ऑस्ट्रेलिया) की जोड़ी ने जैमी मरे (ब्रिटेन) और ब्रूनो सोआरेस (ब्राजील) को हराकर खिताब पर कब्जा किया।

इस प्रतियोगिता की शुरुआत वर्ष 1890 में हुई थी। यह वार्षिक रूप से क्वीन्स क्लब (वेस्ट केनसिंगटन) में खेली जाती है। इस वर्ष इसका 116वाँ संस्करण खेला गया। इसे 'फीवर-ट्री चैम्पियनशिप' के नाम से भी जाना जाता है।

### मर्सिडीज कप 2018

महान स्विस टेनिस स्टार रोजर फेडरर ने 17 जून, 2018 को खेले गए मर्सिडीज कप ग्रास कोर्ट मेन्स टेनिस टूर्नामेण्ट 2018 के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में मिलोस राओनिक (कनाडा) को हराकर खिताब जीत लिया। यह फेडरर के करियर का कुल 98वाँ खिताब था।

युगल वर्ग के फाइनल में फिलिप पेट्जशनर और टिम पुट्ज की जर्मन जोड़ी ने रॉबर्ट लिण्डस्टेड (स्वीडन) और मार्सिन मैटकोटस्की (पोलैण्ड) की जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस प्रतियोगिता को 'स्टर्टगार्ट ओपन' के नाम से भी जाना जाता है। पिछले वर्ष फ्रांस के लुकास पॉउली ने यहाँ खिताबी जीत दर्ज की थी। रोजर फेडरर ने पहली बार खिताब जीता है।

### फ्रेन्च ओपन 2018

वर्ष की दूसरी टेनिस ग्रैण्ड स्लैम प्रतियोगिता 'फ्रेन्च ओपन' के 122वाँ संस्करण पेरिस (फ्रांस) स्थित 'स्टेड रोलां गैरो' में 27 मई से 10 जून, 2018 के मध्य सम्पन्न हुआ।

इस वर्ष की प्रतियोगिता में स्पेन के राफेल नडाल और रोमानिया की सिमोना हालेप ने क्रमशः पुरुष एकल और महिला एकल खिताब अपने नाम किए। नडाल के करियर का यह 11वाँ फ्रेन्च ओपन खिताब था, जबकि हालेप ने अपने करियर का पहला ग्रैण्ड स्लैम खिताब जीता।

### अन्य प्रमुख वर्गों के विजेता

| वर्ग | विजेता ( देश ) |
|---|---|
| पुरुष युगल | पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट एवं निकोलस माहुत (फ्रांस) |
| महिला युगल | बारबोरा क्रेसिकोवा एवं कैटरीना सिनियाकोवा (चेक रिपब्लिक) |
| मिश्रित युगल | लतिशा चैन (चीनी ताइपे) एवं इवान डोडिग (क्रोएशिया) |

### ऑस्ट्रेलियन ओपन 2018

ऑस्ट्रेलिया के मेलबॉर्न पार्क में 15 से 28 जनवरी, 2018 के मध्य आयोजित ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस प्रतियोगिता में पुरुष एकल वर्ग में रोजर फेडरर (स्विट्जरलैण्ड) ने मारिन सिलिच (क्रोएशिया) को हराकर अपना 20वाँ ग्रैण्डस्लैम जीता। महिला एकल वर्ग में कैरोलिन वोजनियाकी, पुरुष युगल में ओलिवर भराक और भेट पेविच तथा महिला युगल में टिमी बैबोस और क्रिस्टीना म्लोदनोविक की जोड़ी ने जीत हासिल की।



## बैडमिण्टन

### मलेशिया ओपन 2018

क्वाला लम्पुर (मलेशिया) स्थित एक्सिमाटा एरिना में 1 जुलाई, 2018 को खेले गए मलेशिया ओपन बैडमिण्टन टूर्नामेण्ट 2018 के एकल वर्गों के फाइनल में मलेशिया के ली चोंग वेई और चीनी ताइपे की ताई झू-थिंग ने क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब अपने नाम किए।

पुरुष युगल वर्ग में ताकेशी कामुरा और केइगो सोनोदा की जापानी जोड़ी ने खिताब जीता, जबकि महिला युगल वर्ग में मिसाकी मात्सुतोमो और अयाका ताकाहाशी की जापानी जोड़ी चैम्पियन बनी।

मिश्रित युगल वर्ग का खिताब चीन की झेंग सिवेई और हुआंग याकियोंग की जोड़ी के नाम रहा।

भारतीयों में किदाम्बी श्रीकान्त और पीवी सिन्धु क्रमशः पुरुष और महिला एकल वर्गों में सेमीफाइनल में पराजित हुए।

### यूएस ओपन चैम्पियनशिप 2018

कैलिफॉर्निया (यूएसए) में 17 जून, 2018 को सम्पन्न यूएस ओपन बैडमिण्टन चैम्पियनशिप 2018 में दक्षिण कोरिया के ली डोंग-कियून और चीन की ली ज्वेरूई ने क्रमशः पुरुष और महिला एकल वर्ग में खिताबी जीत दर्ज कीं

पुरुष युगल वर्ग का खिताब ओऊ झुआनयी और रेन झियागयू की चीनी जोड़ी ने जीता, जबकि महिला युगल वर्ग का खिताब भी तांग झिन्हुआ और यू झियाओहान की चीनी जोड़ी के नाम रहा।

मिश्रित युगल वर्ग के फाइनल में चान पेंग सून और गोह लियू यिंग की मलेशियाई जोड़ी ने मार्विन एमिल सीडल और लिण्डा एल्फर की जर्मन जोड़ी को पराजित किया।

### ऑस्ट्रियन ओपन चैम्पियनशिप 2018

वियना (ऑस्ट्रिया) में 21-24 फरवरी, 2018 के बीच 2018 ऑस्ट्रियन ओपन बैडमिण्टन चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। पुरुष एकल स्पर्द्धा में पी. कश्यप (भारत) ने जून वेई चियाम (मलेशिया) को हराकर खिताब जीता। विगत तीन वर्षों में यह पी. कश्यप का पहला अन्तर्राष्ट्रीय खिताब है। महिला एकल स्पर्द्धा का खिताब अन्ना थिया मेडरसन (डेनमरार्क) ने जीता। फाइनल मुकाबले में अन्ना थिया मेडरसन ने पी. चाइवान (थाईलैण्ड) को हराया।

### इण्डिया ओपन 2018

सिरीफोर्ट इण्डोर स्टेडियम (नई दिल्ली) में 30 जनवरी से 4 फरवरी, 2018 के बीच इण्डिया ओपन बैडमिण्टन टूर्नामेण्ट 2018 सम्पन्न हुआ। पुरुष एकल स्पर्द्धा में शी यूकी (चीन) ने चाऊ तिन-चेन (चीनी ताइपे) को हराकर यह खिताब जीत लिया। महिला एकल स्पर्द्धा के फाइनल में झांग बेइवेन (यूएसए) ने पिवी सिन्धु (भारत) को हराया।

### इण्डोनेशिया मास्टर्स 2018

जकार्ता (इण्डोनेशिया) में 23-28 जनवरी, 2018 के बीच इण्डोनेशिया मास्टर्स बैडमिण्टन टूर्नामेण्ट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेण्ट के फाइनल में पुरुष एकल वर्ग में एन्थोनी सिनिसुका गिण्टिंग (इण्डोनेशिया) ने जापान की काजुमासा साकाई को और महिला एकल वर्ग में ताई जू थिंग (चीनी ताइपे) ने साइना नेहवाल (भारत) को हराकर यह खिताब अपने नाम किया।

## फुटबॉल

### फीफा विश्व कप 2018 (फुटबॉल)

- मॉस्को (रूस) स्थित लुझनिकी स्टेडियम में 15 जुलाई, 2018 को खेले गए फीफा विश्व कप 2018 के फाइनल में **फ्रांस** ने क्रोएशिया को 4.2 से हराकर 'फीफा विश्व चैम्पियन' बनने की उपलब्धि प्राप्त की।
- फ्रांस दूसरी बार यह प्रतियोगिता जीतने में सफल रहा है। इससे पहले फ्रांस वर्ष 1998 के फीफा विश्व कप के फाइनल में ब्राजील को हटाकर पहली बार फीफा विश्व चैम्पियन बना था।
- पूरी प्रतियोगिता के दौरान सर्वाधिक (6) गोल करने के लिए इंग्लैण्ड के हैरी केन को 'गोल्डन बूट' पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा क्रोएशिया के लुका मॉद्रिच को 'गोल्डन बॉल' और बेल्जियम के थिबाउट कोर्टोइस को 'गोल्डन ग्लोब' पुरस्कार दिया गया। स्पेन की टीम को टूर्नामेण्ट के दौरान बेहतरीन खेल भावना प्रदर्शित करने के लिए 'फेयरप्ले ट्रॉफी' प्रदान की गई।

### सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2018

23वें सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 28 जनवरी से 14 फरवरी, 2018 के बीच बाराबती स्टेडियम कटक (ओडिशा) में किया गया। तमिलनाडु इस प्रतियोगिता में मणिपुर को 2-1 से हराकर विजयी रहा। इन्दुमति कथिरेसन (तमिलनाडु) को प्लेयर ऑफ द मैच तथा प्लेयर ऑफ द टूर्नामेण्ट घोषित किया गया।

## शूटिंग

### आईएसएसएफ विश्व कप 2018

इण्टरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) कप का मैक्सिको के गुआदालाजारा में चल रही इस प्रतियोगिता के फाइनल में 5 मार्च, 2018 को भारतीय निशानेबाज 'मनु भाकर' ने मेजबान देश के अलेजान्द्रा जावाला को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

## कुश्ती

### एशियन रेसलिंग चैम्पियनशिप 2018

किर्गिस्तान के विश्केक में 2 मार्च, 2018 को आयोजित एशियन रेसलिंग चैम्पियनशिप में भारतीय महिला पहलवान नवजोत कौर ने 65 किग्रा भार वर्ग में जापान की मिया इमाई को 9-1 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। साक्षी मलिक ने 62 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में कजाकिस्तान की अयौलय केसीमोवा को 10-7 से पराजित कर कॉस्य पदक जीता।

## कबड्डी

### दुबई कबड्डी मास्टर्स 2018

दुबई (यूएई) स्थित अल वासल स्पोर्ट्स क्लब में 22-30 जून, 2018 के मध्य प्रथम दुबई कबड्डी मास्टर्स प्रतियोगिता 2018 सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता के फाइनल में भारत ने ईरान को 44-26 के अन्तर से हराकर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मैच में भारत के लिए अजय ठाकुर ने 9, सुरजीत सिंह ने 7 और मोनू गोयत ने 7 अंक अर्जित किए। भारत और ईरान ने सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण कोरिया और पाकिस्तान को हराकर फाइनल में स्थान बनाया था।

इण्टरनेशनल कबड्डी फेडरेशन द्वारा संचालित यह इस प्रतियोगिता का प्रथम संस्करण था।

डबल राउण्ड-रॉबिन और नॉक आउट फॉर्मेट में खेले गए इस टूर्नामेण्ट में कुल छह टीमों (भारत, ईरान, दक्षिण कोरिया, पाकिस्तान, केन्या और अर्जेण्टीना) ने भाग लिया।

### प्रो कबड्डी लीग 2017

चेन्नई (तमिलनाडु) में 28 अक्टूबर, 2017 को खेले गए प्रो कबड्डी लीग, 2017 के फाइनल मुकाबले में पटना पायरेट्स ने गुजरात फॉर्च्यून जायण्ट्स को 55-38 के अन्तर से हराकर खिताब जीत लिया।

## फॉर्मूला-वन

### ऑस्ट्रियन ग्रां प्री 2018

स्पीलबर्ग (ऑस्ट्रिया) स्थित रेड बुल रिंग में 1 जुलाई, 2018 को आयोजित 2018 सत्र की नौवीं फॉर्मूला-वन रेस 'ऑस्ट्रियन ग्रां प्री 2018' में रेड बुल टीम के नीदरलैण्ड्स के ड्राइवर मैक्स वर्सटैपन ने जीत दर्ज की।

फेरारी टीम के ड्राइवर्स किमी राइकोनेन (फिनलैण्ड) और सेबेस्टियन वेट्टल (जर्मनी) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस सत्र की पिछली रेस के विजेता लुइस हैमिल्टन को बीच में ही रेस से हटना पड़ा।

बेल्जियन-डच मूल के मैक्स वर्सटैपन के नाम फॉर्मूला वन रेस में सबसे कम आयु में शामिल हाने का रिकार्ड दर्ज है। मैक्स ने 17 वर्ष व 166 दिन की आयु में वर्ष 2015 में ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री में भाग लेकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था।

### फ्रेन्च ग्रां प्री 2018

फॉर्मूला-वन सत्र 2018 की आठवीं रेस फ्रेन्च ग्रां प्री 2018 का आयोजन सर्किट पॉल रिकार्ड (ली कैसले, फ्रांस) में 24 जून, 2018 को हुआ।

इसमें मर्सिडीज टीम के ब्रिटिश ड्राइवर लुइस हैमिल्टन ने जीत दर्ज की। रेड बुल टीम के मैक्स वर्सटैपन (नीदरलैण्ड्स) और फेरारी टीम के किमी राइकोनेन (फिनलैण्ड) ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस सत्र में हैमिल्टन की यह तीसरी जीत रही। इससे पहले हैमिल्टन अजरबैजान ग्रां प्री और स्पैनिश ग्रां प्री में जीत दर्ज कर चुका है। ब्रिटिश रेसिंग ड्राइवर लुइस कार्ल डेविडसन हैमिल्टन वर्ष 2017, 2015, 2017 और 2008 में 'फॉर्मूला-वन वर्ल्ड चैम्पियन' रह चुका है।

### कैनेडियन ग्रां प्री 2018

फॉर्मूला-वन (एफ 1) के 2018 सत्र की सातवीं रेस 'कैनेडियन ग्रां प्री' का आयोजन 10 जून, 2018 को सर्किट गिलेस विलेनयूव (मॉण्ट्रियल) में हुआ। इसमें फेरारी टीम के जर्मन ड्राइवर सेबेस्टियन वेट्टल ने जीत दर्ज की।

इस रेस में मर्सिडीज टीम के वाल्टेरी बोट्टास (फिनलैण्ड) ने दूसरा, जबकि रेड बुल टीम के मैक्स वर्सटैपन (नीदरलैण्ड्स) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## गोल्फ

### यूएस ओपन 2018

शिनेकॉक हिल्स गोल्फ क्लब (न्यूयॉर्क, यूएसए) में 14-17 जून, 2018 के मध्य यूएस ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप के 118वें संस्करण का आयोजन हुआ।

इसमें अमेरिकी गोल्फर ब्रूक्स कोएपका ने 281 का स्कोर बनाकर खिताब अपने नाम किया। इंग्लैण्ड के टॉमी फ्लीटवुड (282) और यूएसए के डस्टिन जॉनसन (283) ने क्रमशः दूसरा और तीसर स्थान प्राप्त किया।

कोएपका ने पिछले वर्ष भी इस प्रतियोगिता को जीता था। इस जीत के साथ कोएपका विश्व के ऐसे सातवें गोल्फर बन गए हैं जिसने लगातार दो बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीता है। इससे पहले वर्ष 1989 में अमेरिकी गोल्फर कर्टिस स्ट्रेन्ज ने यह उपलब्धि प्राप्त की थी।

## स्क्वैश

### इण्डिया ओपन 2018

मुम्बई महाराष्ट्र में 11 फरवरी, 2018 को सम्पन्न इण्डिया ओपन स्क्वैश टूर्नामेण्ट, 2018 के फाइनल मुकाबले में सौरव घोषाल (भारत) ने निकोलस म्यूलर (स्विट्जरलैण्ड) को हराकर यह खिताब जीत लिया।

## भारोत्तोलन

### राष्ट्रमण्डल युवा चैम्पियनशिप 2017

नवम्बर, 2017 में सम्पन्न राष्ट्रमण्डल युवा भारोत्तोलन चैम्पियनशिप 2017 में कोंशम उर्मिला देवी ने 44 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

## खेल समाचार

### आईसीसी द्वारा 'फ्यूचर टुअर प्रोग्राम' की घोषणा

अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा 20 जून, 2018 को वर्ष 2023 तक के लिए फ्यूचर टुअर प्रोग्राम (एफटीपी) जारी किया गया।

इसके साथ ही पहली टेस्ट चैम्पियनशिप के कार्यक्रम की घोषणा भी की गई। इस चैम्पियनशिप का आयोजन 15 जुलाई, 2019 से 30 अप्रैल, 2021 तक होगा तथा इसमें नौ टीम भाग लेंगी। इस कार्यक्रम के अनुसार, वर्ष 2018 से 2023 तक की अवधि में भारतीय टीम 51 टेस्ट मैच, 83 एकदिवसीय मैच और 69 टी20 मैच खेलेगी।

### 21वें राष्ट्रमण्डल खेल 2018 में भारत को तीसरा स्थान

गोल्ड कोस्ट (ऑस्ट्रेलिया) में 4-15 अप्रैल, 2018 के मध्य आयोजित 21वें कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय दल ने 26 स्वर्ण, 20 रजत और 20 कांस्य पदकों सहित कुल 66 पदकों के साथ पदक तालिका में तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्वर्ण पदक जीतने के मामले में यह भारत का राष्ट्रमण्डल खेलों में अब तक का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

इससे पहले भारत ने वर्ष 2010 के राष्ट्रमण्डल खेलों में 38 स्वर्ण पदक तथा वर्ष 2002 के राष्ट्रमण्डल खेलों में 30 स्वर्ण पदक जीते थे।



#### पदक तालिका (शीर्ष 5 देश)

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 80 | 59 | 59 | 198 |
| इंग्लैण्ड | 45 | 45 | 46 | 136 |
| भारत | 26 | 20 | 20 | 66 |
| कनाडा | 15 | 40 | 27 | 82 |
| न्यूजीलैण्ड | 15 | 16 | 15 | 46 |

#### भारत के स्वर्ण पदक विजेता

**सुशील कुमार** दो बार के ओलम्पिक पदक विजेता सुशील कुमार ने इन खेलों में पुरुषों की 74 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इससे पहले सुशील कुमार ने 2010 दिल्ली और 2014 ग्लास्गो में आयोजित राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण पदक जीता।

**साइना नेहवाल** बैडमिण्टन स्टार साइना नेहवाल ने इन खेलों में बैडमिण्टन की महिला एकल स्पर्द्धा के फाइनल में हमवतन पीवी सिन्धु को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। साइना इससे पहले वर्ष 2010 के राष्ट्रमण्डल खेलों में भी इस स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक जीत चुकी है।

**एमसी मैरी कॉम** भारत की महिला ओलम्पिक बॉक्सर एमसी मैरी कॉम ने इन खेलों में महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग की स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मैरी कॉम ने लन्दन ओलम्पिक्स 2012 में महिलाओं की 51 किग्रा फ्लाइवेट स्पर्द्धा में कांस्य पदक जीता था।

**अनीश भनवाला** करनाल (हरियाणा) के अनीश भनवाला ने 25 मी रैपिडफायर पिस्टल (शूटिंग) स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अनीश 15 वर्ष की आयु में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले निशानेबाज हैं।

**नीरज चोपड़ा** हरियाणा जिले के नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक स्पर्द्धा में 86.47 मी भाला फेंककर भारत के लिए स्वर्ण पदक अर्जित किया। नीरज चोपड़ा राष्ट्रमण्डल खेलों की भाला फेंक (जेवलिन थ्रो) स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं।

**मनु भाकर** भारत की उदीयमान महिला निशानेबाज मनु भाकर ने 10 मी एयर पिस्टल स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक जीता। झज्जर (हरियाणा) की 16 वर्षीय मनु भाकर का यह अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सातवाँ स्वर्ण पदक था।

**मणिका बत्रा** दिल्ली की 22 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मणिका बत्रा ने राष्ट्रमण्डल खेलों में टेबल टेनिस के महिला एकल वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वह यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली पहली महिला हैं।

**श्रेयसी सिंह** मूल रूप से जमुई (बिहार) की श्रेयसी सिंह ने महिला डबल ट्रैप शूटिंग स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक जीता। श्रेयसी सिंह ने पिछले राष्ट्रमण्डल खेलों में इसी स्पर्द्धा में रजत पदक प्राप्त किया था।

**हिना सिद्धू** लुधियाना (पंजाब) की हिना सिद्धू ने महिलाओं की 25 मी पिस्टल स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके अलावा हिना ने राष्ट्रमण्डल खेल 2018 में महिलाओं की 10 मी एयर पिस्टल स्पर्द्धा में रजत पदक भी जीता।

#### अन्य स्वर्ण पदक विजेता

तेजस्विनी सावन्त (50 मी राइफल पॉजीशन इवेण्ट), पूनम यादव (महिला वेटलिफ्टिंग 69 किग्रा वर्ग), संजीता चानू (महिला वेटलिफ्टिंग 53 किग्रा वर्ग), विनेश फोगाट (महिला कुश्ती फ्रीस्टाइल 50 किग्रा नॉर्डिक इवेण्ट), मीराबाई चानू (महिला वेटलिफ्टिंग 48 किग्रा वर्ग), विकास कृष्ण (बॉक्सिंग 75 किग्रा वर्ग), गौरव सोलंकी (बॉक्सिंग 52 किग्रा वर्ग), सुमित मलिक (कुश्ती फ्रीस्टाइल 125 किग्रा वर्ग), संजीव राजपूत (शूटिंग 50 मी राइफल 3 पॉजीशन इवेण्ट), बजरंग पूनिया (कुश्ती फ्रीस्टाइल 65 किग्रा वर्ग), राहुल अवारे

(कुश्ती फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग), जीतू राय (शूटिंग 10 मी एयर पिस्टल इवेण्ट), वेंकट राहुल रगाला (वेटलिफ्टिंग 85 किग्रा वर्ग) और सतीश शिवलिंगम (वेटलिफ्टिंग 77 किग्रा वर्ग) शमिल रहें।

इनके अलावा भारत को बैडमिण्टन मिक्स्ड टीम स्पर्द्धा, महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्द्धा और पुरुष टेबल टेनिस टीम स्पर्द्धा में भी स्वर्ण पदक प्राप्त हुए।

### बॉल-टैम्परिंग मामले में स्टीव स्मिथ व डेविड वार्नर पर प्रतिबन्ध

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा 28 मार्च, 2018 को ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ और उप-कप्तान डेविड वार्नर को एक वर्ष के लिए प्रतिबन्धित कर दिया गया। एक अन्य खिलाड़ी कैमरन बैनक्रॉफ्ट पर नौ माह का प्रतिबन्ध लगाया गया। इन क्रिकेटर्स को दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध केपटाउन टेस्ट मैच में गेंद से छेड़छाड़ (बॉल-टैम्परिंग) के मामले में दोषी पाए जाने पर यह प्रतिबन्ध लगाया गया।

### इन्दिरा नूई बनी आईसीसी की पहली महिला निदेशक

पेप्सिको की चेयरमैन और सीईओ इन्दिरा नूई को 9 फरवरी, 2018 को आईसीसी की पहली स्वतन्त्र महिला निदेशक नियुक्त किया गया है।

### वेस्ट इण्डीज करेगा महिला टी-20 विश्व कप 2018 का आयोजन

वेस्ट इण्डीज वर्ष 2018 में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। महिला टी-20 विश्व कप वेस्ट इण्डीज के एण्टीगुआ, बारबुडा, गुयाना और सेण्ट लुसिया में 9 से 24 नवम्बर, 2018 तक आयोजित किया जाएगा।

### शीतकालीन ओलम्पिक खेलों में उत्तर कोरिया तथा दक्षिण कोरिया एक साथ

प्योंगचांग (दक्षिण कोरिया) में 8 फरवरी, 2018 को शुरू हुए शीतकालीन ओलम्पिक खेलों में उत्तर कोरिया तथा दक्षिण कोरिया की टीम ने एक ध्वज के साथ हिस्सा लिया। वर्ष 2006 के तुरिन शीतकालीन ओलम्पिक के पश्चात 11 वर्ष बाद उत्तर कोरिया तथा दक्षिण कोरिया के खिलाड़ियों और अधिकारियों ने भाग लिया।

### बिहार को रणजी ट्रॉफी में खेलने की मंजूरी

मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा के नेतृत्व वाली तीन सदस्यीय पीठ ने 4 जनवरी, 2018 को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन को रणजी ट्रॉफी और अन्य राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी

## खेल व्यक्तित्व

### हिमा दास (खेल व्यक्तित्व)

- असम की 18 वर्षीय तेज धाविका हिमा दास ने 12 जुलाई, 2018 को आईएएफ अण्डर-20 वर्ल्ड चैम्पियनशिप में 400 मी महिला दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त कर इतिहास बनाया।
- हिमा दास से पहले भारत की कोई महिला या पुरुष खिलाड़ी जूनियर या सीनियर किसी भी स्तर पर वर्ल्ड चैम्पियनशिप में स्वर्ण या कोई मेडल नहीं जीत सका था।
- 51.46 सेकण्ड में यह रेस जीतकर हिमा दास ट्रैक इवेण्ट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बनी।




### दीपा करमाकर (खेल व्यक्तित्व)

- भारतीय महिला जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने 8 जुलाई, 2018 को तुर्की में आयोजित एफआईजी आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक्स वर्ल्ड चैलेन्ज कप में वॉल्ट इवेण्ट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- लगभग दो वर्ष के बाद जिमनास्टिक्स में वापसी करने वाली दीपा यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली पहली भारतीय जिम्नास्ट है।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 2016 के ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक खेलों में दीपा करमाकर वॉल्ट स्पर्द्धा के फाइनल में मामूली अन्तर से कॉस्य पदक प्राप्त करने से चूक गई थीं।

### एमेलिया केर

न्यूजीलैण्ड की 17 वर्षीय महिला क्रिकेटर एमेलिया केर ने 13 जून, 2018 को महिला एकदिवसीय क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व कीर्तिमान स्थापित किया।

एमेलिया केर ने डबलिन में आयरलैण्ड के विरुद्ध मैच में 232 रन की नाबाद पारी खेलकर यह रिकॉर्ड बनाया। केर ने 145 गेंदों में यह स्कोर बनाया।

एमेलिया केर ने बेलिण्डा क्लार्क (ऑस्ट्रेलिया) के रिकॉर्ड को तोड़ा है। बेलिण्डा क्लार्क ने वर्ष 1997 में मुम्बई में डेनमार्क के विरुद्ध मैच में 229 रन की पारी खेलकर यह रिकॉर्ड स्थापित किया था।

इसके अलावा अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट (पुरुष व महिला दोनों वर्गों में) में एमेलिया केर ने सबसे कम आयु में दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

### आर. प्रज्ञनन्द

चेन्नई के आर. प्रज्ञनन्द ने 23 जून, 2018 को विश्व का दूसरा सबसे कम आयु का चेस ग्रैण्डमास्टर बनने की उपलब्धि प्राप्त की। प्रज्ञनन्द ने ऑर्टिसेई (इटली) में ग्रेडाइन ओपन चेस टूर्नामेण्ट के दौरान यह कीर्तिमान स्थापित किया।

प्रज्ञनन्द ने 12 वर्ष, 10 माह और 13 दिन की आयु में ग्रैण्डमास्टर नॉर्म प्राप्त किया है। वर्तमान में सबसे कम आयु में ग्रैण्डमास्टर बनने का विश्व रिकॉर्ड सर्जेई कर्जाकिन (यूक्रेन) के नाम है, जिसने वर्ष 1990 में 12 वर्ष और 7 माह की आयु में ग्रैण्डमास्टर नॉर्म प्राप्त किया था।

इससे पहले वर्ष 2016 में आर. प्रज्ञनन्द सबसे कम आयु का इण्टरनेशनल मास्टर बनने का रिकॉर्ड बना चुका है, तब प्रज्ञनन्द की आयु 10 वर्ष, 10 माह और 19 दिन थी।

### शिखर धवन

भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाजी शिखर धवन ने 14 जून, 2018 को अफगानिस्तान के विरुद्ध एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम (बेंगलुरु) में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच के पहले दिन लन्च से पहले शतक बनाने का कीर्तिमान स्थापित किया। इसके अलावा शिखर धवन ने अफगानिस्तान के विरुद्ध टेस्ट शतक लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज होने की उपलब्धि भी प्राप्त की।

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अभी तक शिखर धवन से पहले केवल पाँच बल्लेबाज ही टेस्ट में पहले दिन लन्च से पहले शतक बनाने में सफल रहे हैं। इनमें डेविड वॉर्नर माजिद खान, सर डॉन ब्रेडमैन, सीजी मैकार्टनी और वीटी ट्रम्पर शामिल हैं।

### किदाम्बी श्रीकान्त

भारत के शीर्ष पुरुष बैडमिण्टन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकान्त 12 अप्रैल, 2018 को वर्ल्ड बैडमिण्टन संघ (बीडब्ल्यूएफ) की रैंकिंग में प्रथम स्थान पर आ गए। श्रीकान्त ने 76895 अंकों के साथ विक्टर एक्सेलसन (डेनमार्क) को पीछे छोड़ते हुए विश्व का नम्बर-1 बैडमिण्टन खिलाड़ी बनने की उपलब्धि प्राप्त की।

### अरुणा बी. रेड्डी

तेलंगाना की अरुणा बी. रेड्डी ने मेलबॉर्न (ऑस्ट्रेलिया) में खेले गए जिमनास्टिक वर्ल्ड कप 2018 में भारत की ओर से इस स्पर्द्धा में एकमात्र व्यक्तिगत पदक जीतने का कीर्तिमान 24 फरवरी, 2018 को कायम किया। अरुणा बी. रेड्डी ने महिलाओं के वॉल्ट ईवेण्ट में कांस्य पदक जीता।

### मैरिट बोयरगेन

नॉर्वे की क्रॉस-कण्टी स्कीयर मैरिट बोयरगेन 21 फरवरी, 2018 को कॉंस्य पदक अपने नाम करने के साथ ही शीतकालीन ओलम्पिक में सबसे ज्यादा पदक जीतने वाली खिलाड़ी बन गई।

### शर्मिला निकोलेट

भारतीय महिला गोल्फर शर्मिला निकोलेट ने 10 फरवरी, 2018 को चाइना एपीजीए टुअर के लिए क्वालीफाई किया। शर्मिला पहली भारतीय महिला गोल्फर है, जिसने इस स्पर्द्धा के लिए क्वालीफाई किया है।

### आँचल ठाकुर

9 जनवरी, 2018 को आँचल ठाकुर अन्तर्राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता में कॉंस्य पदक जीतने के साथ ही स्कीइंग में अन्तर्राष्ट्रीय पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई है।

## पुरस्कार एवं सम्मान

## राष्ट्रीय

### उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द द्वारा 26 जून, 2018 को मद्यपान और मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम में उत्कृष्ट सेवा के लिए चौथे राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

पुरस्कार विजेताओं का विवरण निम्न है

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| व्यसनियों के लिए सर्वश्रेष्ठ एकीकृत पुनर्वास केन्द्र (आईआरसीए) | तपोवन नशामुक्ति एवं पुनर्वास संस्थान (श्रीगंगानगर, राजस्थान) |
| शराब और नशीली दावा के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ पंचायती राज या नगरपालिका निकाय | लारियपली ग्राम पंचायत (सम्बलपुर, ओडिशा) |
| शराब और नशीली दवा के दुरुपयोग की रोकथाम और जागरुकता बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाला सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान | पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्स (जालन्धर) |
| इस क्षेत्र में कार्य करने वाला सर्वश्रेष्ठ गैर-लाभकारी संस्थान | नशाबन्दी मण्डल (मुम्बई) |
| सर्वश्रेष्ठ शोध का नवाचार | ड्रग डि-एडिक्शन एण्ड ट्रीटमेण्ट सेण्टर (पीजीआईएमई आर, चण्डीगढ़) |

| | |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ जागरुकता अभियान | स्टेट लिटरेसी मिशन अथॉरिटी (पटना, बिहार) |
| सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत उपलब्धि | डॉ. आरसी साहनी, डॉ. राजेश तुकाराम पाटिल और एलआर मधुजन |

### आठवें स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2018

'स्पोर्ट्स इलस्ट्रेटेड इण्डिया' पत्रिका द्वारा 21 जून, 2018 को आठवें वार्षिक स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर अवार्ड्स वितरित किए गए। विजेताओं की सूची इस प्रकार है

| पुरस्कार श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| टीम ऑफ द ईयर | भारतीय महिला क्रिकेट टीम |
| कोच ऑफ द ईयर | स्टीफन कॉन्स्टेण्टाइन |
| एडिटर्स चॉइस ऑफ एक्सीलेन्स (टीम) | आइजॉल एफसी |
| एडिटर्स चॉइस फॉर एक्सीलेन्स (पुरुष) | जीतू राय |
| यंग स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर | मानव विकास ठक्कर |
| कम्यूनिटी डेवलपमेण्ट इन स्पोर्ट्स | सैलेन टुडु |
| कमबैक ऑफ द ईयर | सुशील कुमार |
| आउटस्टैण्डिंग कण्ट्रीब्यूशन टू स्पोर्ट | लिएण्डर पेस |
| लाइफटाइम अचीवमेण्ट अवार्ड | धनराज पिल्लै |
| स्पेशल अवार्ड | बलबीर सिंह जूनियर |
| स्पोर्ट्सपर्सन ऑफ द ईयर | किदाम्बी श्रीकान्त |

### एफपीएआई अवार्ड्स 2018

कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में 12 जून, 2018 को आयोजित एक समारोह में फुटबॉल प्लेयर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया (एफपीएआई) द्वारा एफपीएआई अवार्ड्स 2018 के विजेताओं की घोषणा की गई। पुरस्कार विजेताओं की सूची निम्न है

| पुरस्कार श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| इण्डियन प्लेयर ऑफ द ईयर | सुनील छेत्री (कप्तान, भारत) |
| यंग प्लेयर ऑफ द ईयर | जेरी मावीमिंगथांगा (जमशेदपुर एफसी) |
| फॉरेन प्लेयर ऑफ द ईयर | मिकू (बेंगलुरु एफसी) |
| फैन्स प्लेयर ऑफ द ईयर | सुभाष सिंह (नेरोका एफसी) |
| कोच ऑफ द ईयर | एल्बर्ट रोका (बेंगलुरु एफसी) |

### मिस इण्डिया 2018

सरदार वल्लभभाई पटेल इण्डोर स्टेडियम (मुम्बई) में 19 जून, 2018 को आयोजित 55वीं फेमिना मिस इण्डिया सौन्दर्य प्रतियोगिता में तमिलनाडु की 19 वर्षीय अनुकृति वास को "मिस इण्डिया वर्ल्ड 2018' चुना गया।

बीए (फ्रेंच भाषा) की छात्रा अनुकृति अब मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता 2018 में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। अनुकृति को मलाइका अरोड़ा, बॉबी देओल, कुनाल कपूर, इरफान पठान और केएल राहुल के जज पैनल द्वारा इस खिताब हेतु चयनित किया गया।

इस प्रतियोगिता में हरियाणा की मीनाक्षी चौधरी 'फर्स्ट रनर-अप' तथा आन्ध्र प्रदेश की श्रेया राव 'सेकण्ड रनर-अप' रहीं। अनुकृति को वर्तमान मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर द्वारा विजेता का ताज पहनाया गया।

### स्वर मौली खिताब

स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर को शंकराचार्य विद्या नृसिंह भारती स्वामी ने स्वर मौली के खिताब से 12 मई, 2018 को नवाजा। गायिका को दक्षिणी मुम्बई के पेडर रोड स्थित उनके आवास प्रभु कुंज में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लता को 2001 में देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

### 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के केन्द्रीय पैनल के चेयरमैन शेखर कपूर द्वारा 13 अप्रैल, 2018 को 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की गई। *प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची निम्न हैं*

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | रिद्धि सेन (नगर कीर्तन) |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | श्रीदेवी (मॉम) |
| सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म | . विलेज रॉकस्टार (असमिया) |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | जयराज (भयानकम) |
| सर्वश्रेष्ठ हिन्दी फिल्म | न्यूटन |
| सर्वश्रेष्ठ संगीतकार | एआर रहमान |
| सर्वश्रेष्ठ गायक | येसुदास |
| सर्वश्रेष्ठ पॉपुलर फिल्म | बाहुबली 2 : द कनक्लूजन |
| दादासाहेब फाल्के पुरस्कार | विनोद खन्ना (मरणोपरान्त) |

### प्रित्जकर प्राइज

भारत के मशहूर आर्किटेक्ट बालकृष्ण दोशी को 'प्रित्जकर पुरस्कार' से सम्मानित करने की घोषणा 8 मार्च, 2018 को प्रित्जकर परिवार द्वारा की गई। यह पुरस्कार आर्किटेक्ट क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वालों को दिया जाता है।



### कल्पना चावला ब्रेवरी अवार्ड

हरियाणा, महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च, 2018) पर आयोजित कार्यक्रम में महिला पर्वतारोही अनीता कुण्डू तथा सुनीता सिंह को कल्पना चावला ब्रेवरी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### नारी शक्ति पुरस्कार

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च, 2018) पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द द्वारा 30 महिलाओं और 9 संस्थानों को नारी शक्ति पुरस्कार प्रदान किए गए। यह देश में महिलाओं को दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान है जो समाज और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करने वाली महिलाओं को दिया जाता है।

### उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार

कॉंग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद और तृणमूल कॉंग्रेस के दिनेश त्रिवेदी समेत पाँच सांसदों को 29 जनवरी, 2018 को उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2017 के लिए बीजू जनता दल के भर्तृहरि महताब, वर्ष 2016 के लिए दिनेश त्रिवेदी (तृणमूल कॉंग्रेस), वर्ष 2015 के लिए गुलाम नबी आजाद (कॉंग्रेस), वर्ष 2014 के लिए हुक्मदेव नारायण यादव (भाजपा) और वर्ष 2013 के लिए नजमा ए हेपतुल्ला को उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### साहित्य अकादमी भाषा सम्मान

मगही भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार शेष आनन्द मधुकर को 1 फरवरी, 2018 को साहित्य अकादमी का भाषा सम्मान से सम्मानित किया गया। आनन्द मधुकर को यह सम्मान वर्ष 2016 के लिए दिया गया।

### अशोक चक्र सम्मान 2018

भारतीय वायु सेना के गरुड़ कमाण्डो 'ज्योति प्रकाश निराला' को मरणोपरान्त शान्तिकाल के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार 'अशोक चक्र' से 26 जनवरी, 2018 को सम्मानित किया गया।

### पद्म पुरस्कार 2018

पद्म पुरस्कारों की घोषणा 25 जनवरी, 2018 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने की। इस वर्ष कुल 85 व्यक्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2018 में 3 व्यक्तियों को पद्म विभूषण, 9 व्यक्तियों को पद्मभूषण और 73 व्यक्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया जाएगा। इलैयाराजा (संगीत), गुलाम मुस्तफा खान (कला व संगीत) एवं पी. परमेश्वरन (शिक्षा व साहित्य) को पद्म विभूषण तथा महेन्द्र सिंह धोनी, पंकज आडवाणी, शारदा सिन्हा, वेद प्रकाश नन्दा समेत 9 व्यक्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा।

### साहित्य अकादमी पुरस्कार 2017

साहित्य अकादमी द्वारा 21 दिसम्बर, 2017 को 24 भारतीय भाषाओं की रचनाओं के लिए वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कार 2017 की घोषणा की गई। हिन्दी के लिए यह पुरस्कार रमेश कुन्तल मेघ को उनकी रचना 'विश्व मिथक सरित्सागर' के लिए प्रदान किया गया। अंग्रेजी के लिए यह पुरस्कार ममंग दई को उनकी रचना 'द ब्लैक हिल' के लिए दिया गया।

### 27वाँ व्यास सम्मान

हिन्दी रचनाकार ममता कालिया को 8 दिसम्बर, 2017 को 27वाँ व्यास सम्मान देने की घोषणा की गई। ममता कालिया को यह सम्मान उनके उपन्यास 'दुक्खम-सुक्खम' के लिए दिया गया। 'दुक्खम-सुक्खम' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष 2009 में किया गया था।

### टाटा लिटरेचर लाइफटाइम अवार्ड

प्रतिष्ठित भारतीय नाटककार, अभिनेता, फिल्म निर्देशक तथा लेखक गिरीश कर्नाड को 19 नवम्बर, 2017 को टाटा लिटरेचर लाइफटाइम सम्मान दिया गया।

### ज्ञानपीठ पुरस्कार 2017

हिन्दी की प्रसिद्ध रचनाकार 'कृष्णा सोबती' को 3 नवम्बर, 2017 को हिन्दी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए वर्ष 2017 का (53वाँ) ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया।

### इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय अखण्डता पुरस्कार 2015-16

31 अक्टूबर, 2017 को इन्दिरा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर कर्नाटक संगीत के मर्मज्ञ टीएम कृष्णा को 'इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय अखण्डता पुरस्कार' 2015-16 से सम्मानित किया गया।

### राष्ट्रीय लता मंगेशकर पुरस्कार 2017

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त 'राष्ट्रीय लता मंगेशकर अवार्ड' 26 अक्टूबर, 2017 को उषा खन्ना, बप्पी लाहिड़ी, अनु मलिक, अल्का याज्ञनिक, तथा उदित नारायण को प्रदान किया गया।

### स्वच्छता पुरस्कार 2017

केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मन्त्रालय ने 1 अक्टूबर, 2017 को वर्ष 2016-17 के लिए स्वच्छता पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें 'क्रिमको' को कम्पनी श्रेणी में स्वच्छता का पुरस्कार प्रदान किया गया। *अन्य श्रेणियों में पुरस्कृत व्यक्ति/संस्था निम्न हैं*

| श्रेणी | पुरस्कृत (व्यक्ति/संस्था) |
|---|---|
| अपशिष्ट प्रबन्ध के पृथक्कीकरण | रिचमोण्ड फॉर्म (गुरुग्राम) |
| अपशिष्ट प्रबन्धन की पहल | रोस्टलैण्ड हाउसिंग सोसायटी (पुणे) |
| नो फूड वेस्ट पहल | कोयम्बटूर (तमिलनाडु) |
| स्कूल एवं कॉलेज | कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, अम्बीकर |
| महिला सहशक्तिकरण तथा रोजगार उपलब्धता | अम्बिकापुर सहकारी समिति |
| शून्य अपशिष्ट प्रबन्धन संस्थान | पिमायंगस्ते बौद्ध मठ (सिक्किम) |

## अन्तर्राष्ट्रीय

### वर्ल्ड फूड प्राइज 2018

ब्रिटेन के अर्थशास्त्री लॉरेन्स हैडाड और चिकित्सक डॉ. डेविड नबारो को 25 जून, 2018 को वर्ल्ड फूड प्राइज 2018 दिए जाने की घोषणा की गई।

इस वर्ष का वर्ल्ड फूड प्राइज वर्ष 2012 से 2017 के मध्य 10 मिलियन बच्चों को कुपोषण मुक्त बनाने में सहायता के लिए दिया गया है।

डॉ. नबारो भूख सम्बन्धी मुद्दों पर डब्ल्यूएचओ और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के साथ कार्य करते हैं।

वर्ल्ड फूड प्राइज की स्थापना नोबेल शान्ति पुरस्कार विजेता नॉर्मन बोरलॉग द्वारा वर्ष 1986 में की गई थी। यह पुरस्कार खाद्य पदार्थों की उपलब्धता और गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्य करने वाले वैज्ञानिकों और अन्यों को दिया जाता है।

### आईफा अवार्ड्स 2018

बैंकॉक (थाईलैण्ड) स्थित सियाम निर्मित थिएटर में 24 जून, 2018 को 19वें आईफा अवार्ड्स वितरित किए गए। इस पुरस्कार समारोह के प्रस्तोता फिल्मकार करण जोहर और अभिनेता रितेश देशमुख थे। प्रमुख श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त करने वालों की सूची निम्न है

| श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| सर्वश्रेष्ठ फिल्म | तुम्हारी सुलू |
| सर्वश्रेष्ठ निर्देशक | हिन्दी मीडियम (साकेत चौधरी) |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेता | इरफान खान (हिन्दी मीडियम) |
| सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री | श्रीदेवी (मॉम) |
| सर्वश्रेष्ठ डेब्यू डायरेक्टर | कोंकणा सेन शर्मा |
| सर्वश्रेष्ठ संगीतकार | अमाल मलिक, तनिष्कबागची, अखिल सचदेवा (बद्रीनाथ की दुल्हनिया) |
| सर्वश्रेष्ठ गायक | अरिजित सिंह |
| सर्वश्रेष्ठ गायिका | मेघना मिश्रा |
| आउटस्टैण्डिंग अचीवमेण्ट बाय एन एक्टर | अनुपम खेर |
| स्टाइल आइकन | कृति सेनन |

### एबेल प्राइज 2018

कनाडा के महान गणितज्ञ रॉबर्ट लैंगलैण्ड्स को 25 मार्च, 2018 को 'गणित का नोबेल' कहे जाने वाले 'एबेल प्राइज 2018' का विजेता घोषित किया गया। इन्हें रिप्रेजेण्टेशन थ्योरी से नम्बर थ्योरी को जोड़ने के दूरदर्शी कार्य के लिए इस पुरस्कार हेतु चयनित किया गया।

वर्तमान में इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड स्टडी (प्रिसंटन) में प्रोफेसर रॉबर्ट लैंगलैण्ड्स को 22 मई, 2018 को यह पुरस्कार दिया जाएगा।

### 75वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कार

8 जनवरी, 2017 को 75वें गोल्डेन ग्लोब पुरस्कार समारोह में विभिन्न श्रेणियों के कलाकारों और अभिनेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें पहली बार किसी अश्वेत अभिनेत्री ओपेरा विनफ्रे को लाइफटाइम अचीवमेण्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### 90वें ऑस्कर पुरस्कार

अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित लॉस एन्जिल्स के डॉल्बी थियेटर में आयोजित 8वाँ ऑस्कर अवार्ड की घोषणा 5 मार्च, 2018 को की गई। इस समारोह में 'द शेप ऑफ वाटर' फिल्म को सबसे ज्यादा 13 नॉमिनेशन मिले।

**सर्वश्रेष्ठ फिल्म** द शेप ऑफ वाटर
**सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** गुइलरमो डेल टोरो
**सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** गैरी ओल्डमैन
**सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री** फ्रांसिस मैकडोर्मण्ड

### मिस वर्ल्ड 2017

चीन के सान्या शहर में 18 नवम्बर, 2017 को आयोजित विश्व सुन्दरी प्रतियोगिता 2017 का खिताब जीतकर झज्जर (हरियाणा) की 20 वर्षीय मानुषी छिल्लर ने भारत का नाम रोशन किया। मानुषी छिल्लर को यह ताज स्टेफनी डेल वैले (वर्ष 2016 की विजेता) ने पहनाया। इससे पूर्व प्रियंका चोपड़ा (2000), युक्ता मुखी (1999), डायना हेडन (1997), ऐश्वर्या राय (1994) और रीता फारिया (1966) यह खिताब जीत चुकी हैं।

## खेल पुरस्कार

### आईसीसी अवार्ड 2017

अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा 18 जनवरी, 2018 को वर्ष 2017 के आईसीसी क्रिकेट अवार्ड की घोषणा की गई। विराट कोहली को वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर और स्टीव स्मिथ को टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर का अवार्ड प्रदान किया गया।

### नोबेल पुरस्कार 2017

| श्रेणी | विजेता | किस क्षेत्र में |
|---|---|---|
| चिकित्सा (मेडिसिन) | जेफरी सी. हॉल, माइकल रोशबैश और माइकल डब्ल्यू. यंग | सभी जीव-जन्तुओं में सर्केडियन रिदम (आन्तरिक जैविक घड़ी) को नियन्त्रित करने वाली आण्विक क्रियाविधियों की खोजों के लिए यह पुरस्कार दिया गया। |
| भौतिकी | रेनर वीज़, बैरी सी. बैरिश और किप एस. थॉर्न | इन्हें लिगो डिटेक्टर और गुरुत्वीय तरंगों के अवलोकन में दिए गए निर्णायक योगदानों के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। |
| रसायन विज्ञान | जैकस डुबोशे (स्विट्ज़रलैण्ड), जोएकिम फ्रैंक (जर्मनी) और रिचर्ड हेण्डरसन (ब्रिटेन) | इनको यह पुरस्कार विलयन में जैव-अणुओं (बायोमॉलिक्यूल्स) की हाई-रिजॉल्यूशन संरचना के निर्धारण के लिए 'क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी' को विकसित करने के लिए दिया गया। |
| शान्ति | इण्टरनेशनल कैम्पेन टू एबॉलिश न्यूक्लियर वेपन्स (आईकैन) | इस संगठन को परमाणु हथियारों से होने वाले विनाशकारी मानवतावादी परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित कराने और इस प्रकार के हथियारों पर रोक के लिए सन्धि-आधारित प्रतिबन्ध लगाने के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। |
| अर्थशास्त्र | रिचर्ड एच. थेलर | शिकागो युनिवर्सिटी से सम्बद्ध रिचर्ड थेलर को व्यावहारिक अर्थशास्त्र में दिए गए उनके योगदानों के लिए इस पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। |
| साहित्य | काजुओ इशिगुरो | आठ किताबें लिख चुके ब्रिटिश लेखक इशिगुरो ने रीमेंश ऑफ द डे से वैश्विक स्तर पर ख्याति अर्जित की थी। इस उपन्यास पर हॉलीवुड फिल्म भी बन चुकी है। इशिगुरो को वर्ष 1989 में बुकर अवार्ड से सम्मानित किया गया था। |

## विविध

### नियुक्ति (राष्ट्रीय)

#### गिरीश चन्द्र चतुर्वेदी

देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक 'आईसीआईसीआई बैंक' द्वारा 29 जून, 2018 को पूर्व नौकरशाह गिरीश चन्द्र चतुर्वेदी को बैंक को अंशकालिक गैर-कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इनको अतिरिक्त स्वतन्त्र निदेशक के रूप में भी नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति 3 वर्ष के लिए की गई है। बैंक के मौजूदा चेयरमैन एमके शर्मा का कार्यकाल 30 जून, 2018 को पूरा होने के बाद गिरीश चन्द्र चतुर्वेदी की नियुक्ति प्रभावी हुई।

गिरीश चन्द्र चतुर्वेदी 1977 बैच के आईएएस अधिकारी थे जो 5 वर्ष पूर्व पेट्रोलियम सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए। वे एलआईसी, केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड और आईडीएफसी लिमिटेड के बोर्ड में सरकार की ओर से नामित निदेशक भी रह चुके हैं।

### अरिजित बासु

केन्द्र सरकार द्वारा 23 जून, 2018 को अरिजित बासु को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का प्रबन्ध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया गया।

यह पद रजनीश कुमार को एसबीआई चेयरमैन बनाए जाने के बाद से रिक्त था। इससे पहले एसबीआई लाइफ इंश्योरेन्स के प्रबन्ध निदेशक पद पर कार्यरत रहने वाले अरिजित बासु अक्टूबर, 2020 तक यह पद ग्रहण करेंगे। अरिजित बासु एसबीआई के चौथे एमडी नियुक्त हुए हैं। एसबीआई अधिनियम के अनुसार, एसबीआई में चार एमडी की नियुक्ति की जा सकती है। अरिजित बासु ने वर्ष 1983 में परिवीक्षा अधिकारी (पीओ) के रूप में भारतीय स्टेट बैंक में अपने करियर की शुरुआत की थी।

### बी. श्रीराम

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबन्ध निदेशक बी. श्रीराम को 20 जून, 2018 को आईडीबीआई बैंक का प्रबन्ध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। इन्हें तीन माह के लिए यह नियुक्ति दी गई है।

इनकी नियुक्ति निवर्तमान एमडी व सीईओ महेश कुमार जैन के स्थान पर हुई है, जिन्हें हाल ही में आरबीआई का डिप्टी गवर्नर बनाया गया।

वर्ष 1981 में परिवीक्षा अधिकारी (पीओ) के रूप में भारतीय स्टेट बैंक में अपने करियर की शुरुआत करने वाले बी.श्रीराम जुलाई, 2014 से एसबीआई में प्रबन्ध निदेशक (कॉर्पोरेट और ग्लोबल बैंकिंग) के रूप में कार्यरत थे। ये इससे पहले स्टेट बैंक बीकानेर एण्ड जयपुर (एसबीबीजे) के प्रबन्ध निदेशक (एमडी) थे।

### एस. रमेश

वरिष्ठ नौकरशाह एस. रमेश को 26 जून, 2018 को केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया।

भारतीय राजस्व सेवा (कस्टम्स एण्ड सेण्ट्रल एक्साइज) के 1981 बैच के अधिकारी एस. रमेश ने इस पद पर वनजा एन. सरना का स्थान लिया, जो 30 जून, 2018 को इस पद से सेवानिवृत्त हुईं।

एस. रमेश को विशेष सचिव की हैसियत के साथ सीबीआईसी चेयरमैन बनाया गया है।

इस नियुक्ति से पहले ये माल और सेवा कर (जीएसटी) लागू करने के लिए जिम्मेदार बोर्ड में सदस्य थे।

### सन्दीप बक्शी

आईसीआईसीआई बैंक के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 18 जून, 2018 को हुई बैठक में सन्दीप बक्शी को बैंक का पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त किया गया। वह आईसीआईसीआई बैंक की सीईओ को रिपोर्ट करेंगे।

सन्दीप बक्शी इस नियुक्ति से पहले आईसीआईसीआई प्रूडेन्शियल लाइफ इंश्योरेन्स के सीईओ पद पर थे। सीओओ पद पर बक्शी का कार्यकाल पाँच वर्ष की अवधि के लिए है तथा उनकी नियुक्ति नियामक मंजूरी के अधीन है।

भारत के सबसे बड़े निजी ऋणदाता के सीओओ के रूप में सन्दीप बक्शी बैंक में सभी व्यवसायों और कॉर्पोरेट केन्द्र कार्यों को सम्भालेंगे।

सन्दीप बक्शी को आईसीआईसीआई समूह में कॉर्पोरेट और खुदरा कारोबार दोनों के नेतृत्व का व्यापक अनुभव प्राप्त है।

### अरविन्द सक्सेना

केन्द्र सरकार द्वारा 10 जून, 2018 को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य अरविन्द सक्सेना को यूपीएससी का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया।

भारतीय डाक सेवा के 1978 बैच के अधिकारी अरविन्द सक्सेना ने इस पद पर विनय मित्तल का स्थान ग्रहण किया जो 19 जून, 2018 को यूपीएससी अध्यक्ष के पद से सेवानिवृत्त हुए।

अरविन्द सक्सेना 7 अगस्त, 2020 तक (या आगे के आदेश तक) यूपीएससी अध्यक्ष के पद के कर्तव्यों का पालन करेंगे। सक्सेना एविएशन रिसर्च सेण्टर (एआरसी) में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद मई, 2015 में यूपीएससी से जुड़े थे। ये सरकारी एजेन्सी 'रॉ' में भी कार्य कर चुके हैं।

### सुभाष चंद्र खुंटिया

मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने सुभाष चंद्र खुंटिया की नियुक्ति भारत के बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के अध्यक्ष के रूप में 1 मई, 2018 को मंजूरी दे दी है। टीएस विजयन का कार्यकाल खत्म होने के दो महीने बाद आईआरडीएआई के अध्यक्ष पद का रिक्त पद भरा गया है।

### भानु प्रताप शर्मा

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा को 12 अप्रैल, 2018 को 'बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी)' का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। उन्होंने विनोद राय का स्थान लिया है जो 31 मार्च, 2018 को अवकाश ग्रहण कर चुके हैं।

### राजेश रंजन

कैबिनेट की नियुक्ति सम्बन्धी समिति (एसीसी) द्वारा 9 अप्रैल, 2018 को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजेश रंजन को सीआईएसएफ का महानिदेशक नियुक्त किया गया। वह 30 नवम्बर, 2020 तक इस पद पर बने रहेंगे। जनवरी, 2018 में ओपी सिंह के उत्तर प्रदेश पुलिस महानिरीक्षक नियुक्त किए जाने के पश्चात् से यह पद रिक्त हुआ था।

### जगमोहन सिंह राजपूत

केन्द्र सरकार द्वारा 25 मार्च, 2018 को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद के पूर्व निदेशक एवं जाने माने शिक्षाविद् प्रोफेसर जेएस राजपूत को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के कार्यकारी बोर्ड में भारतीय प्रतिनिधि मनोनीत करने का फैसला किया गया।

### रवि थापर

7 मार्च, 2018 को विदेश मामलों के मन्त्रालय में संयुक्त सचिव रवि थापर को लेबनान का नया राजदूत नियुक्त किया गया।

### नीलम कपूर

कैबिनेट की नियुक्त समिति ने वरिष्ठ अधिकारी नीलम कपूर को 7 फरवरी, 2018 को भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया।

### ओम प्रकाश रावत

23 जनवरी, 2018 को ओम प्रकाश रावत को भारत का 22वाँ मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया। इन्होंने अचल कुमार ज्योति का स्थान लिया।

## अन्तर्राष्ट्रीय

### शशांक मनोहर

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शशांक मनोहर पुनः अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के स्वतंत्र अध्यक्ष 15 मई, 2018 को निर्वाचित हुए। इस पद पर उन्हें दूसरे कार्यकाल के लिए निर्विरोध निर्वाचित किया गया। वह अगले 2 वर्षों तक इस पद पर बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि उनको वर्ष 2016 में पहली बार आईसीसी का अध्यक्ष चुना गया था।

### जिना हास्पेल

अमेरिकी सीनेट ने जिना हास्पेल को केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) की अगली निदेशक बनाए जाने की पुष्टि कर दी। देश के 70 साल के इतिहास में पहली बार सीआईए की कोई महिला निदेशक होंगी। सीआईए की उप-निदेशक पद को सम्भालने वाली वह अमेरिकी इतिहास की दूसरी महिला हैं। पिछले साल उन्होंने यह पद सम्भाला था।

### व्लादिमीर पुतिन

व्लादिमीर पुतिन ने 7 मई, 2018 को एक बार फिर रूस के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। पुतिन का राष्ट्रपति के रूप में यह चौथा कार्यकाल है। उन्होंने मार्च में हुए चुनाव में जीत हासिल की थी।

### दमित्री मेदवेदेव

दमित्री मेदवेदेव को एक बार फिर 8 मई, 2018 को भारी बहुमत से रूस का प्रधानमंत्री चुन लिया गया है। संसद ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लम्बे समय के सहयोगी रहे मेदवेदेव को इस पद पर लाने के लिए व्यापक समर्थन दिया। मेदवेदेव की उम्मीदवारी के पक्ष में 374 सांसदों ने वोट दिया, जबकि महज 56 ने उनकी उम्मीदवारी का विरोध किया ।

### बान की-मून

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के पूर्व महासचिव बान की-मून को 9 अप्रैल, 2018 को बाओ फोरम फॉर एशिया (बीएफए) का चेयरपर्सन निर्वाचित किया गया। उन्होंने यासुओ फुकुदा (जापान) का स्थान लिया है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के पूर्व गवर्नर झाऊ शियाचोन को बीएफए का डिप्टी चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।

### मार्टिन विजकारा

मार्टिन विजकारा को 24 मार्च, 2018 को पेरू के 67वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई। इससे पहले वह पेरू के पहले उपाध्यक्ष और कनाडा में राजदूत के रूप में कार्यरत थे।

### नन्द बहादुर पून

नन्द बहादुर पून को 20 मार्च, 2018 को निर्विरोध नेपाल का उप-राष्ट्रपति चुन लिया गया। नेपाल के निर्वाचन आयोग ने देश के उप-राष्ट्रपति के रूप में उनका पुनः नाम घोषित कर दिया, यह कहते हुए कि अपने पद की जिम्मेदारी को जारी रखने के लिए चुनाव की आवश्यकता नहीं है।

### यी गैंग

अर्थशास्त्री यी गैंग को 19 मार्च, 2018 को चीन के केन्द्रीय बैंक 'पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना (पीबीओसी)' के अगले गवर्नर के रूप में नामित किया गया। ये वर्ष 2008 से पीबीओसी के उप-गवर्नर के पद पर हैं। यी गैंग इस पद पर झो क्सिओचुँ की जगह लेंगे, जो वर्ष 2002 के बाद से पद पर हैं।

### ली केकियांग

चीन की संसद द्वारा 18 मार्च, 2018 को ली केकियांग को दूसरे कार्यकाल के लिए देश का प्रधानमन्त्री चुना गया। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बाद ली दूसरे सर्वोच्च नेता हैं। शी जिनपिंग ने ही ली केकियांग को इस पद के लिए दोबारा नामांकित किया था।

## निधन (राष्ट्रीय)

### राजेन्द्र सच्चर

प्रसिद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता तथा पूर्व न्यायाधीश राजेन्द्र सच्चर का 20 अप्रैल, 2018को नई दिल्ली में निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। राजेन्द्र सच्चर ने वर्ष 2005 में तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन (यूपीए) द्वारा गठित समिति की अध्यक्षता की, जो सच्चर कमेटी के नाम से प्रसिद्ध हुई। इस कमेटी द्वारा मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक स्थिति का विवरण प्रस्तुत किया गया था।

### प्यारे लाल वाडाली

प्रसिद्ध सूफी गायक प्यारे लाल वडाली का निधन 9 मार्च, 2018 को अमृतसर (पंजाब) में हो गया। वह 75 वर्ष के थे। 'वडाली ब्रदर्स' नाम से मशहूर जोड़ी में वह छोटे थे। बड़े भाई का नाम पूरण चन्द वडाली है।

### शम्मी

प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री शम्मी का 6 मार्च, 2018 को मुम्बई में निधन हो गया। वे 89 वर्ष की थी। इनका वास्तविक नाम 'नरगिस खाड़ी' था। इनकी यादगार फिल्मों में 'मल्हार, संगदिल, हाफ टिकट, सजन, डोली, उपकार' जैसी फिल्में शामिल हैं।

### जयेन्द्र सरस्वती

काँची मठ के प्रमुख शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती का 28 फरवरी, 2018 को तमिलनाडु के काँचीपुरम में निधन हो गया। दक्षिण भारत के तमिलनाडु राज्य के काँचीपुरम नगर में स्थित काँची कामकोटि पीठ के 69वें शंकराचार्य थे।

### श्रीदेवी

बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीदेवी का 24 फरवरी, 2018 को दुबई में हृदयाघात के कारण निधन हो गया। वे 54 वर्ष की थीं। श्रीदेवी का पूरा नाम 'श्री अम्मा येंगर अय्यपन' था। इन्हें पाँच फिल्म फेयर अवार्ड और पद्म श्री से सम्मानित किया जा चुका है।

## अन्तर्राष्ट्रीय

### किम जोंग-पिल

दक्षिण कोरिया के नौवें प्रधानमन्त्री रहे किम जोंग-पिल का 23 जून, 2018 को सूनचुनयांग युनिवर्सिटी हॉस्पिटल (सियोल) में आयु सम्बन्धी रोगो के कारण 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

बुयेओ काउण्टी (जापानी कोरिया) में 7 जनवरी, 1926 को जन्मे किम जोंग-पिल को दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेन्सी 'नेशनल इण्टेलीजेन्स सर्विस (एनआईएस)' की स्थापना के लिए जाना जाता है। किम जोंग-पिल पहली बार वर्ष 1971 से 1975 तक और दूसरी बार वर्ष 1998 से 2000 तक दक्षिण कोरिया के प्रधानमन्त्री रहे थे। इनके राजनीतिक दल का नाम 'लिबरल कोरिया पार्टी' है।

### डेविड डगलस डंकन

प्रख्यात अमेरिकी फोटो पत्रकार डेविड डगलस डंकन का 7 जून, 2018 को पेरिस (फ्रांस) स्थित एक अस्पताल में 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

उन्हें द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ली गई उनकी तस्वीरों के लिए प्रसिद्धि मिली थी। उन्होंने कोरिया और वियतनाम में सैनिकों की पीड़ा को उजागर करके युद्ध फोटोग्राफी की भूमिका को बदलने में सहायता की थी। पिकासो के घनिष्ठ मित्र डंकन ने कलाकारों के जीवन और काम को कालक्रम से अभिलेखित करने के लिए उनकी तस्वीरों का उपयोग किया था। डेविड डगलस डंकन का जन्म 23 जनवरी, 1916 को कन्सास सिटी (मिसौरी, यूएसए) में हुआ था।

### पॉल पोलमैन

ब्रिटिश-डच अन्तर्राष्ट्रीय उपभोक्ता उत्पाद कम्पनी 'युनिलीवर' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पॉल पोलमैन को 21 जून, 2018 को इण्टरनेशनल चैम्बर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। पॉल पोलमैन ने इस पद पर सुनील भारती मित्तल (भारती इण्टरप्राइजेज के संस्थापक व चेयरमैन) का स्थान लिया जो 2 वर्ष पहले इस पद पर नियुक्त हुए थे। सुनील मित्तल अब आईसीसी के मानद अध्यक्ष पद पर रहेंगे।

इनके अलावा मास्टरकार्ड के अध्यक्ष और सीईओ अजय बंगा को आईसीसी का उप-चेयरपर्सन बनाया गया। इण्टरनेशनल चैम्बर ऑफ कॉमर्स विश्व का सबसे बड़ा और सर्वाधिक प्रतिनिधित्व वाला वाणिज्य संगठन है। वर्ष 1919 में स्थापित आईसीसी का उद्देश्य मुक्त व्यापार और निजी उद्यम को प्रोत्साहित करना है।

### इवान ड्यूक मार्केज

उत्तर अमेरिकी देश कोलम्बिया में 18 जून, 2018 को कन्जर्वेटिव पार्टी के इवान ड्यूक मार्केज को देश के राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया।

इवान ड्यूक मार्केज को निवर्तमान राष्ट्रपति जुआन मैनुअल सैण्टोस के स्थान पर 4 वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रपति चुना गया। इवान 7 अगस्त, 2018 से 6 अगस्त, 2022 तक राष्ट्रपति रहेंगे।

कोलम्बियाई राष्ट्रपति चुनाव 2018 के दूसरे चरण का मतदान 17 जून, 2018 को हुआ, जिसमें इवान को 54% तथा उनके प्रतिद्वन्द्वी गुस्तावो पेट्रो को 41.7% मत प्राप्त हुए। 27 मई, 2018 को हुए पहले चरण के मतदान के बाद किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत न मिलने से दूसरे चरण का मतदान कराया गया था।

### स्टीफन हॉकिंग

प्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा आधुनिक कॉस्मिक विज्ञान के प्रणेता स्टीफन हॉकिंग का निधन कैम्ब्रिज (ब्रिटेन) में 14 मार्च, 2018 को हो गया। वह 76 वर्ष के थे। वह 1963 में वह 'एमियोट्रोफिक लेटेरल स्क्लेरोसिस (एएलएस)' नामक बीमारी से ग्रस्त हुए जिसके बाद उन्हें अपना पूरा जीवन व्हील-चेयर पर व्यतीत करना पड़ा। स्टीफन हॉकिंग का कार्य ब्लैक होल्स तथा बिग बैंक थ्योरी पर केन्द्रिय रहा।

## त्याग-पत्र (राष्ट्रीय)

### महबूबा मुफ्ती

जम्मू-कश्मीर की मुख्यमन्त्री महबूबा मुफ्ती ने 19 जून, 2018 को अपने पद से त्याग-पत्र दे दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा महबूबा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद मुख्यमन्त्री द्वारा यह निर्णय लिया गया। महबूबा मुफ्ती के त्याग-पत्र के बाद जम्मू-कश्मीर में 'राज्यपाल शासन' का आदेश जारी कर दिया गया। भारत के अन्य राज्यों में प्रदेश की सरकार के विफल रहने पर 'राष्ट्रपति शासन' लागू होता है लेकिन जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है, इसलिए यहाँ 'राज्यपाल शासन' लगाया जाता है।

### रवीन्द्र रेड्डी

नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेन्सी (एनआईए) की विशेष अदालत के न्यायाधीश रवीन्द्र रेड्डी ने 16 अप्रैल, 2018 को अपने पद से त्याग-पत्र दे दिया। रवीन्द्र रेड्डी ने मक्का मस्जिद बम विस्फोट मामले में आरोपी रहे असीमानन्द तथा अन्य पाँच व्यक्तियों को आरोपो से बरी करने सम्बन्धी घोषणा के कुछ घण्टों बाद अपना पद छोड़ दिया। त्याग-पत्र का कारण निजी प्रतिबद्धताओं को बताया गया है।

## अन्तर्राष्ट्रीय

### अमीनाह गुरिब-फाकिम

मॉरिशस की राष्ट्रपति अमीनाह गुरिब-फाकिम ने 17 मार्च, 2018 को अपने पद से त्याग-पत्र दे दिया। उनके त्याग-पत्र को 23 मार्च, 2018 को स्वीकार कर लिया गया। अमीनाह गुरिब-फाकिम पर मार्च, 2018 में भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद त्याग-पत्र देने का दबाव बढ़ गया था।

### जैकब जुमा

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति जैकब जुमा ने 14 फरवरी, 2018 को तत्काल प्रभाव से त्याग-पत्र की घोषणा की। वे वर्ष 2009 से सत्ता में थे तथा उन पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगाए गए थे।

## चर्चित स्थल ( राष्ट्रीय )

### जोधपुर ( राजस्थान )

केन्द्रीय पर्यटन राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) केजे अल्फोन्स द्वारा 30 जून, 2018 को जोधपुर आतिथ्य प्रबन्धन संस्थान (इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेण्ट; आईएचएम) का उद्घाटन किया गया।

केजे अल्फोन्स के अनुसार, अगले तीन वर्षों के दौरान भारत विदेशी पर्यटकों से राजस्व को दोगुना करने में सक्षम हो जाएगा।

गौरतलब है कि भारत विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली पर्यटन अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और वर्ष 2017 में भारतीय पर्यटन क्षेत्र ने 7% की वैश्विक वृद्धि दर के मुकाबले 20.8% की बढ़ोतरी दर्ज कराई।

### जालन्धर ( पंजाब )

केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मन्त्री सन्तोष कुमार गंगवार द्वारा 22 जून, 2018 को जालन्धर (पंजाब) में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नए क्षेत्रीय कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया।

यह नवनिर्मित तीन-मंजिला भवन लाडोवाली रोड पर गवर्नमेण्ट गर्ल्स सीनियर सेकण्डरी स्कूल के सामने स्थित है। यह भवन पहले के भवन से अधिक विशाल है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की स्थापना वर्ष 1951 में हुई थी। यह विश्व में सबसे बड़ा सामाजिक सुरक्षा संगठन है और वर्तमान में अपने सदस्यों से सम्बन्धित 15 करोड़ से भी अधिक खातों का रख-रखाव कर रहा है।

इसका ध्येय सार्वजनिक रूप से संचालित वृद्धावस्था आय सुरक्षा कार्यक्रम की पहुँच एवं गुणवत्ता का प्रसार, अनुपालन एवं लाभ प्रदान करने के एकरूप एवं निरन्तर उन्नतिशील मानदण्डों के माध्यम से इस रूप में करना है, जिससे सदस्यों की स्वीकृति एवं विश्वास को हमारी प्रणाली, निष्पक्षता, ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के प्रति जीता जा सके जिससे हम राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण में भागीदार बनें।

**राउरकेला ( ओडिशा )**

केन्द्रीय इस्पात मन्त्री चौ. बीरेन्द्र सिंह द्वारा 11 जून, 2018 को राउरकेला इस्पात संयन्त्र की पुनर्निर्मित ब्लास्ट फर्नेस-1 'पार्वती' को राष्ट्र को समर्पित किया गया।

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) द्वारा संचालित राउरकेला इस्पात संयन्त्र की पार्वती फर्नेस सेल की पहली ब्लास्ट फर्नेस है जिसे 3 फरवरी, 1959 को राष्ट्र को समर्पित किया गया था।

इसे पुनर्निर्माण के लिए 6 अगस्त, 2013 को बन्द कर दिया गया था। इस नई फर्नेस की वार्षिक उत्पादन क्षमता 0.438 मिलियन टन (एमटी) से बढ़कर 1.015 एमटी हो गई है।

## अन्तर्राष्ट्रीय

**पोर्ट लुईस** (मॉरिशस)

केन्द्रीय विदेश मन्त्रालय (भारत सरकार) ने 10 अप्रैल, 2018 को 11वें विश्व हिन्दी सम्मेलन की मेजबानी पोर्ट लुईस (मॉरिशस) को प्रदान की। पोर्ट लुईस में इस सम्मेलन का आयोजन 18-20 अगस्त, 2018 के बीच किया जाना है। इस वर्ष के सम्मेलन का थीम-'वैश्विक हिन्दी और भारतीय संस्कृति' रखा गया है।

**मनीला** (फिलिपीन्स)

फिलिपीन्स के मनीला में 31वें आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संघ) शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन 12 से 14 नवम्बर, 2017 तक चला।

**बॉन** (जर्मनी)

जर्मनी के शहर बॉन में 6 से 17 नवम्बर, 2017 तक 23वें जलवायु परिवर्तन सम्मेलन का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि जून, 2017 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पेरिस समझौते से बाहर आने की घोषणा कर दी थी।

## नवीनतम कौन क्या?

| | |
|---|---|
| **राम नाथ कोविन्द** | राष्ट्रपति |
| **एम. वेंकैया नायडू** | उप-राष्ट्रपति |
| **नरेन्द्र मोदी** | प्रधानमन्त्री, कार्मिक, जन शिकायत एवं पेन्शन, परमाणु ऊर्जा विभाग, अन्तरिक्ष विभाग एवं सभी प्रमुख नीतिगत मामले तथा वे सभी विभाग जो किसी अन्य मन्त्री को आवण्टित नहीं किए गए। |

**कैबिनेट मन्त्री**

| मन्त्री | मन्त्रालय |
|---|---|
| राजनाथ सिंह | गृह |
| सुषमा स्वराज | विदेश |
| निर्मला सीतारमण | रक्षा |
| पीयूष गोयल | रेल; कोयला; वित्त; कॉर्पोरेट कार्य |
| नितिन गडकरी | सड़क परिवहन एवं राजमार्ग; जहाजरानी; जल संसाधन; नदी विकास एवं गंगा संरक्षण |
| सुरेश प्रभु | वाणिज्य एवं उद्योग; नागरिक विमानन |
| डीवी सदानन्द गौड़ा | सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन |
| उमा भारती | पेयजल एवं स्वच्छता |
| रामविलास पासवान | उपभोक्ता कार्य; खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण |
| मेनका संजय गाँधी | महिला एवं बाल विकास |
| अनन्त कुमार | रसायन एवं उर्वरक; संसदीय कार्य |
| रविशंकर प्रसाद | कानून एवं न्याय; इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना-प्रौद्योगिकी |
| जगत प्रकाश नड्डा | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण |
| अनन्त गीते | भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम |
| हरसिमरत कौर बादल | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग |
| नरेन्द्र सिंह तोमर | ग्रामीण विकास; पंचायती राज; खान |
| चौधरी बीरेन्द्र सिंह | इस्पात |
| जुएल ओराम | जनजातीय कार्य |
| राधा मोहन सिंह | कृषि एवं किसान कल्याण |
| थावर चन्द गहलोत | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| स्मृति जुबिन ईरानी | कपड़ा |
| डॉ. हर्षवर्धन | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी; भू-विज्ञान; पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन |
| प्रकाश जावड़ेकर | मानव संसाधन विकास |
| धर्मेन्द्र प्रधान | पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस; कौशल विकास एवं उद्यमिता |
| मुख्तार अब्बास नकवी | अल्पसंख्यक कार्य |

**राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार)**

| | |
|---|---|
| राव इन्द्रजीत सिंह | योजना (स्वतन्त्र प्रभार); रसायन व उर्वरक |
| सन्तोष कुमार गंगवार | श्रम एवं रोजगार |
| श्रीपद येसो नायक | आयुर्वेद; योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा, होम्योपैथिक (आयुष) |
| डॉ. जितेन्द्र सिंह | पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (स्वतन्त्र प्रभार); प्रधानमन्त्री कार्यालय; कार्मिक, जनशिकायत एवं पेन्शन |
| डॉ. महेश शर्मा | संस्कृति (स्वतन्त्र प्रभार); पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन |
| गिरिराज सिंह | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम |
| मनोज सिन्हा | संचार (स्वतन्त्र प्रभार); रेल |
| राज्यवर्धन सिंह राठौर | युवा कार्य एवं खेल (स्वतन्त्र प्रभार); सूचना एवं प्रसारण |
| राजकुमार सिंह | बिजली; नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा |
| हरदीप सिंह पुरी | आवास एवं शहरी कार्य |
| अल्फोन्स कनन्नथानम | पर्यटन (स्वतन्त्र प्रभार); इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना-प्रौद्योगिकी |

**राज्य मन्त्री**

| | |
|---|---|
| विजय गोयल | संसदीय कार्य; सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन |
| राधाकृष्णन पी. | वित्त; जहाजरानी |
| एसएस अहलूवालिया | पेयजल एवं स्वच्छता |
| रमेश चन्दप्पा जिगाजिनाजी | पेयजल एवं स्वच्छता |
| रामदास अठावले | सामाजिक न्यास एवं अधिकारिता |
| विष्णु देव साई | इस्पात |
| राम कृपाल यादव | ग्रामीण विकास |
| हंसराज गंगाराम अहीर | गृह |
| हरिभाई पार्थीभाई चौधरी | खनन; कोयला |
| राजेन गोहेन | रेल |
| वीके सिंह | विदेश |
| परषोत्तम रूपाला | कृषि एवं किसान कल्याण; पंचायती राज |
| कृष्णपाल | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| जसवन्त सिंह सुमन भाई भाभोर | जनजातीय कार्य |
| शिव प्रताप शुक्ला | वित्त |
| अश्विनी कुमार चौबे | स्वास्थ्य व परिवार कल्याण |
| सुदर्शन भगत | जनजातीय कार्य |
| उपेन्द्र कुशवाहा | मानव संसाधन विकास |
| किरेन रिजिजू | गृह |
| डॉ. वीरेन्द्र कुमार | महिला व बाल विकास; अल्पसंख्यक कार्य |
| अनन्त कुमार हेगड़े | कौशल विकास एवं उद्यमिता |

| | |
|---|---|
| एमजे अकबर | विदेश |
| साध्वी निरन्जन ज्योति | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग |
| जयन्त सिन्हा | नागरिक विमानन |
| बाबुल सुप्रियो | भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम |
| विजय सांपला | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता |
| अर्जुन राम मेघवाल | संसदीय कार्य; जल संसाधन; नदी विकास एवं गंगा संरक्षण |
| अजय टम्टा | कपड़ा |
| कृष्णा राज | कृषि एवं किसान कल्याण |
| मनसुख एल. माण्डविया | सड़क परिवहन व राजमार्ग; जहाजरानी; रसायन एवं उर्वरक |
| अनुप्रिया पटेल | स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण |
| सीआर चौधरी | उपभोक्ता मामले; खाद्य व सार्वजनिक वितरण; वाणिज्य व उद्योग |
| पीपी चौधरी | कानून व न्याय; कॉर्पोरेट कार्य |
| डॉ. सुभाष रामराव भामरे | रक्षा |
| गजेन्द्र सिंह शेखावत | कृषि एवं किसान कल्याण |
| सत्यपाल सिंह | मानव संसाधन विकास; जल संसाधन; नदी विकास व गंगा संरक्षण |

## राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमन्त्री

| राज्य | राज्यपाल | मुख्यमन्त्री |
|---|---|---|
| आन्ध्र प्रदेश | *ईएसएल नरसिम्हन* | चन्द्रबाबू नायडू |
| अरुणाचल प्रदेश | *बीडी मिश्रा* | पेमा खाण्डू |
| असम | *जगदीश मुखी* | सर्वानन्द सोनोवाल |
| गोवा | *मृदुला सिन्हा* | मनोहर पर्रिकर |
| गुजरात | *ओपी कोहली* | विजय रूपाणी |
| जम्मू-कश्मीर | *एनएन वोहरा* | महबूबा मुफ्ती |
| कर्नाटक | *वजुभाई आर. वाला* | एचडी कुमारस्वामी |
| केरल | *पी. सदशिवम* | पी. विजयन |
| महाराष्ट्र | *सी. विद्यासागर राव* | देवेन्द्र फडणवीस |
| मणिपुर | *नजमा हेपतुल्ला* | एन. बिरेन सिंह |
| मेघालय | *गंगा प्रसाद* | कोनराड संगमा |
| मिजोरम | *के. राजशेखरन* | लालथनहवला |
| नागालैण्ड | *पद्मनाभ बालकृष्ण आचार्य* | नेफियू रियो |
| ओडिशा | *गणेशी लाल* | नवीन पटनायक |
| सिक्किम | *श्रीनिवास पाटिल* | पवन कुमार चामलिंग |
| तमिलनाडु | *बनवारी लाल पुरोहित* | ईके पलानीसामी |
| त्रिपुरा | *तथागत राय* | बिप्लब देब |
| उत्तराखण्ड | *केके पॉल* | त्रिवेन्द्र सिंह रावत |
| पश्चिम बंगाल | *केसरीनाथ त्रिपाठी* | ममता बनर्जी |
| राजस्थान | *कल्याण सिंह* | वसुन्धरा राजे |
| उत्तर प्रदेश | *राम नाईक* | आदित्यनाथ योगी |
| बिहार | *सत्यपाल मलिक* | नीतीश कुमार |
| पंजाब | *वीपी सिंह बदनोर* | अमरिन्दर सिंह |
| हिमाचल प्रदेश | *आचार्य देव व्रत* | जयराम ठाकुर |
| हरियाणा | *केएस सोलंकी* | मनोहर लाल खट्टर |
| मध्य प्रदेश | *आनन्दीबेन पटेल* | शिवराज सिंह चौहान |
| छत्तीसगढ़ | *बलरामजी टण्डन* | रमन सिंह |
| तेलंगाना | *ईएसएल नरसिम्हन* | के. चन्द्रशेखर राव |
| झारखण्ड | *द्रौपदी मुर्मू* | रघुबर दास |

## संघीय प्रदेशों का प्रशासन

| संघीय प्रदेश | मुख्यमन्त्री | उप-राज्यपाल/प्रशासक |
|---|---|---|
| चण्डीगढ़ | – | *वीपी सिंह बदनोर (प्रशासक) (अतिरिक्त प्रभार)* |
| अण्डमान-निकोबार द्वीपसमूह | – | *देवेन्द्र कुमार जोशी (उप-राज्यपाल)* |
| पुदुचेरी | *वी. नारायणसामी* | *किरण बेदी (उप-राज्यपाल)* |
| दमन एवं दीव | – | *प्रफुल्ल पटेल (प्रशासक)* |
| दादरा एवं नगर हवेली | – | *प्रफुल्ल पटेल (प्रशासक)* |
| लक्षद्वीप | – | *फारुख खान (प्रशासक)* |
| दिल्ली | *अरविन्द केजरीवाल* | *अनिल बैजल (उप-राज्यपाल)* |

## न्यायिक प्रमुख

| पद | व्यक्तित्व |
|---|---|
| सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश | *दीपक मिश्रा* |
| अटॉर्नी जनरल | *केके वेणुगोपाल* |
| अध्यक्ष (कार्यकारी), राष्ट्रीय हरित अधिकरण | *न्यायमूर्ति जवाद रहीम* |
| अध्यक्ष, बौद्धिक सम्पदा अपीलीय न्यायाधिकरण | *न्यायमूर्ति (से.) केएन् बाशा* |
| अध्यक्ष, सशस्त्र बल न्यायाधिकरण | *वीरेन्द्र सिंह* |

## सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख

| पद | व्यक्तित्व |
|---|---|
| थल सेनाध्यक्ष | *जनरल बिपिन रावत* |
| नौसेनाध्यक्ष | *एडमिरल सुनील लाम्बा* |
| वायु सेनाध्यक्ष | *एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ* |

## जाँच/गुप्तचर संगठनों के प्रमुख

| पद | व्यक्तित्व |
|---|---|
| निदेशक, केन्द्रीय जाँच ब्यूरो | *आलोक कुमार वर्मा* |
| निदेशक, गुप्तचर ब्यूरो | *राजीव जैन* |
| निदेशक, रिसर्च एण्ड एनालिसिस विंग | *अनिल धस्माना* |
| निदेशक, नेशनल टेक्निकल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन | *आलोक जोशी* |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण | *वाईसी मोदी* |

## निर्वाचन आयोग

| पद | व्यक्तित्व |
|---|---|
| मुख्य चुनाव आयुक्त | *ओम प्रकाश रावत* |
| चुनाव आयुक्त | *अशोक लवासा* |
| चुनाव आयुक्त | *सुनील अरोड़ा* |

## विभिन्न बोर्डों के अध्यक्ष

| पद | व्यक्तित्व |
|---|---|
| अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड | अश्विनी लोहानी |
| अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) | एसए भारद्वाज |
| अध्यक्ष, केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीईसी) | वनजा एन. सरना |
| अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) | सुशील चन्द्रा |
| अध्यक्ष, भारतीय प्रतिभूति एवं विनियामक बोर्ड (सेबी) | अजय त्यागी |
| अध्यक्ष, केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) | प्रसून जोशी |
| अध्यक्ष, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड (सीएसडब्ल्यूबी) | दुर्गाबाई देशमुख |
| अध्यक्ष, कम्पनी कानून बोर्ड (सीएलबी) | महेश मित्तल कुमार |
| अध्यक्ष, पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) | एस. कृष्णन |
| सभापति, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) | दिलीप रथ |
| अध्यक्ष, सेण्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकण्डरी एजुकेशन | अनीता करवाल |
| निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) | ऋषिकेश सेनापति |
| अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग | धीरेन्द्र पाल सिंह |

## उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश

| उच्च न्यायालय | मुख्य न्यायाधीश |
|---|---|
| त्रिपुरा | अजय रस्तोगी |
| मेघालय | सुदीप रंजन सेन |
| मणिपुर | राकेश रंजन प्रसाद |
| छत्तीसगढ़ | टीबी राधाकृष्णन |
| झारखण्ड | डीएन पटेल (कार्यकारी) |
| सिक्किम | सतीश कुमार अग्निहोत्री |
| राजस्थान | प्रदीप नन्दराजोग |
| पंजाब और हरियाणा | एसजे वजीफदार |
| पटना | राजेन्द्र मेनन |
| उत्तराखण्ड | केएम जोसेफ |
| उड़ीसा | विनीत सरन |
| मद्रास | कुमारी इन्द्रा बनर्जी |
| मध्य प्रदेश | हेमन्त गुप्ता |
| केरल | नवनीति प्रसाद सिंह |
| कर्नाटक | शुभ्रा कमल मुखर्जी |
| जम्मू-कश्मीर | बीडी अहमद |
| हिमाचल प्रदेश | मंसूर अहमद मीर |
| गुजरात | आर. सुभाष रेड्डी |
| गुवाहाटी | अजीत सिंह |
| दिल्ली | गीता मित्तल |
| कलकत्ता | जे. भट्टाचार्य (कार्यकारी) |
| बम्बई | मंजुला चेल्लूर |
| इलाहाबाद | दिलीप बाबासाहेब भोसले |
| तेलंगाना एवं आन्ध्र प्रदेश | रमेश रंगनाथन |

## संवैधानिक प्रमुख

| पद | व्यक्तित्व |
|---|---|
| अध्यक्ष, लोकसभा | सुमित्रा महाजन |
| उपाध्यक्ष, लोकसभा | एम. थम्बीदुरई |
| उप-सभापति, राज्यसभा | पीजे कुरियन |
| नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक | राजीव महर्षि |
| अध्यक्ष, 14वाँ वित्त आयोग | वाईवी रेड्डी |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग | ललिता कुमारमंगलम |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग | नन्द कुमार साई |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग | रामशंकर कठेरिया |
| अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग | एचएल दत्तू |
| अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग | डेविड रीड सिम्लिह |